R.N.I. Rg. No. : 35394/77 E-mail : dvp.jhs@gmail.com / vishwapariwar@rediffmail.com Web. : www.dainikvishwapariwar.com

झांसी (उ.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित

दैनिक विश्व परिवार

• अंक : 194 • वर्ष : 49 • झाँसी : मंगलवार 21 मई, 2024 • पृष्ठ : 08 • मूल्य : 4 रूपए • संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

दान जीवन में मिठास भरता है और संग्रह जीवन को खारा बनाता है।

आर्यिका श्री 105 पूर्णमति माता जी

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रपति रईसी समेत 9 लोगों की मौत

तेहरान (एजेंसी)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पूर्वी अजरबैजान से लौट रहे थे। इसी दौरान अजरबैजान के सीमावर्ती शहर जोल्फा के करीब दुर्घटना घटी, जो ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर दूर है। ईरान ने हेलीकॉप्टर हादसे के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि इसे लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। कार्यवाहक विदेश मंत्री ने कहा कि इस हादसे की जांच के बाद सब कुछ सामने आएगा। उधर ईरान के कार्यवाहक राष्ट्रपति से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने बात की है। पुतिन का कहना है कि वह जांच में ईरान की मदद करेंगे।

भारत में एक दिन का राजकीय शोक

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री समेत नौ लोगों का हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया है। दिवंगत व्यक्तियों के सम्मान में भारत सरकार ने भी एक निर्णय लिया है। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि 21 मई को पूरे भारत में एक दिन का राजकीय शोक रहेगा। शोक के दिन पूरे देश में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

जल रही है राजधानी : 11 साल बाद सबसे गर्म दिन रहा आज

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विभाग के मुताबिक नजफगढ़ इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मुंगेशपुर में 47.1, पीमतपुरा में 46.6, जाफरपुर में 46.3, पूसा में 46 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया। दिल्ली का अधिकतम तापमान सोमवार को सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 साल बाद 20 मई के दिन पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है। इससे पहले 2013 में इस दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अधिकतम आर्द्रता का स्तर 50 फीसदी रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले चार दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा, इससे अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

एम्स की परीक्षा में नकल कराते दो डॉक्टर समेत पांच लोग गिरफ्तार

ऋषिकेश (एजेंसी)। परीक्षार्थियों को नकल कराने में एम्स ऋषिकेश के दो डॉक्टर भी शामिल थे। आरोपियों से दो-दो लाख रुपये में सौदा किया गया था। ऑल इंडिया स्तर पर एम्स द्वारा आयोजित एमडी परीक्षा (इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट 2024) में नकल कराते पांच आरोपियों को देहरादून पुलिस ने गिरफ्तार किया है। परीक्षा केंद्रों से परिक्षार्थियों द्वारा प्रश्न पत्र की फोटो खींचकर टेलीग्राम के माध्यम से अभियुक्तों को उपलब्ध कराई जा रही थी। जिसके बाद आरोपी उसके उत्तर टेलीग्राम के माध्यम से भेज रहे थे। पुलिस के अनुसार, परीक्षार्थियों को नकल कराने में एम्स ऋषिकेश के दो डॉक्टर भी शामिल थे। अभियुक्त द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी को एमडी की परीक्षा में पास कराने के एवज में 50 लाख रुपए लिये गये थे।

एक ही गाँव में एक साथ जलेंगी 19 लाशें

मरने वालों में 18 महिलाएं, चार लड़ रहे जिंदगी की जंग

कवर्धा (एजेंसी)। पिकअप में करीब 36 लोग सवार थे, ये सभी तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौट रहे थे। हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी में हुआ है। पिकअप 30 फिट नीचे खाई में गिर गई जिसके चलते इतना बड़ा हादसा हुआ।

छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भीषण सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 18 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। वहीं हादसे में घायल चार लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। दरअसल यह हादसा पिकअप के पलटने की वजह से हुआ। पिकअप में करीब 36 लोग सवार थे, ये सभी तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौट रहे थे। हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी में हुआ है। पिकअप 30 फिट नीचे खाई में गिर गई जिसके चलते इतना बड़ा हादसा हुआ। वहीं हादसे के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पंडरिया जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना।

सभी मृतक सेमरहा गांव के रहने

वाले हैं कल मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद सभी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। हादसे में मरने वाले 13 लोगों के शवों को पोस्टमार्मट के लिए पंडरिया के सरकारी अस्पताल और पांच शवों का कुकदूर के सरकारी अस्पताल वहीं एक शव को कवर्धा जिला अस्पताल भेजा गया है। जिस सड़क में यह हादसा हुआ है वह प्रधानमंत्री सड़क में आती है। ये कुई से होते हुए नेऊर और रुकमीदादर को जोड़ती है। इसके बाद मध्य प्रदेश शुरू हो जाता है। घटना स्थल सुदुर वनांचल और पहाड़ी क्षेत्र में आता है। यहां पर मोबाइल नेटवर्क भी काम नहीं करता।

एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि थाना कुकदूर क्षेत्र के तहत ग्राम बाहपानी के पास पिकअप वाहन खाई में गिरा है। पिकअप में 36 लोग सवार थे जो तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। सभी वापस आ रहे थे तभी ये हादसा हुआ है।

हादसे पर सीएम और पूर्व सीएम ने जताया दुख

हादसे पर राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने जताया शोक

हादसे पर दुख जताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में हुई सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।

हादसे पर सीएम साय ने दुख जताते हुए कहा कि कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास पिकअप पलटने से ग्रामीणों के निधन एवं घायल होने का दु:खद समाचार प्राप्त हो रहा है। घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश ज़िला प्रशासन को दिए गए हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूँ। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ। वहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपानी में तेंदूपत्ता संग्राहकों के पिकअप वैन की सड़क दुर्घटना का समाचार पीड़ादायक है। दुर्घटना में असमय काल कलवित हुए श्रमिकों एवं वैन आदिवासियों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। शोक की इस घड़ी में हम सब की संवेदनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं।

मजदूर की बेटी ने जापान में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

कोबे (एजेंसी)। *भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 दौड़ में 55.07 सेकेंड के विश्व रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकेंड का विश्व रिकार्ड तोड़ा जो उसने पिछले वर्ष पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि एक्वाडोर की लिजांसेला एंगुलो 56.68 सेकेंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए हैं। योगेश कथुनिया ने पुरुषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिए हैं।*

दीप्ति जीवनजी के माता-पिता को लंबे समय तक गांव के लोग मानसिक रूप से कमजोर बच्चे के लिए ताने मारते रहे, लेकिन जापान के कोबे में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। दीप्ति की जीत के बाद तेलंगाना के कलेडा गांव में स्थित छोटे से घर के बाहर बड़ी संख्या में लोग जश्न मना रहे हैं।

तेलंगाना के वारंगल जिले में दिहाड़ी मजदूरों के घर जन्मी 20 वर्षीय दीप्ति ने आगामी पेरिस पैरालंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। टी20 श्रेणी उन एथलीटों के लिए है जो बौद्धिक रूप से कमजोर हैं।

दीप्ति के कोच नागपुरी रमेश ने कहा कि उसके माता-पिता को गांव वालों के तानों का सामना करना पड़ता था। रमेश ने बताया, 8दीप्ति के माता-पिता दिहाड़ी मजदूर थे और वे परिवार चलाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इसके अलावा उन्हें ग्रामीणों से लगातार ताने भी सुनने पड़ते थे कि मानसिक रूप से कमजोर लड़की की शादी नहीं हो सकती है। हालांकि, पिछले वर्ष हांगझू एशियाई पैरा खेलों में दीप्ति के स्वर्ण पदक जीतने के बाद चीजों में बदलाव आना शुरू हुआ। अब वही गांव वाले दीप्ति की उपलब्धि के लिए उसके माता-पिता की प्रशंसा कर रहे हैं।

◆ लखनऊ में 52.23 प्रतिशत वोटिंग, बाराबंकी सबसे आगे

प्रदेश की 14 सीटों पर कुल 57.98 प्रतिशत हुआ मतदान

लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान हुआ। इस चरण में इन सीटों पर कुल 57.98 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान हुआ। इस चरण में इन सीटों पर कुल 57.98 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 52.23 प्रतिशत वोटिंग हुई जबकि बाराबंकी सीट पर मतदान का प्रतिशत सबसे ज्यादा रहा। यहां पर 67.10 प्रतिशत वोटिंग हुई। लखनऊ से सटे मोहनलालगंज में 62.72 प्रतिशत, रायबरेली में 58.04 प्रतिशत, अमेठी में 54.40 प्रतिशत, जालौन में 56.15 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह झांसी में 63.70 प्रतिशत, हमीरपुर में 60.56 प्रतिशत, बांदा में 59.64 प्रतिशत, फतेहपुर में 57.05 प्रतिशत, कौशाम्बी में 52.79 प्रतिशत मतदान हुआ।

इसके अलावा, फैजाबाद लोकसभा सीट पर 59.10 प्रतिशत, कैसरगंज में 55.68 प्रतिशत और गोंडा में 51.64 प्रतिशत मतदान हुआ। मैं सभी से अपील करती हूं कि आप मतदान केंद्र पर जाकर इस उत्सव में सहभागी बने भारत और भारत के भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी है हम सब इसके सहभागी बने मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि विकसित भारत के संकल्प के साथ एवं गरीब कल्याण महिला शक्ति को समर्पित गरीब एक नेता और एक राष्ट्रभक्त को मैंने अपना मतदान दिया अभिलाषी हू की जनता भी अपना आशीर्वाद देगी।

मतदान ड्यूटी पर आए जवान की हालत बिगड़ने से मौत

महोबा (एजेंसी)। मणिपुर राज्य की एमपीटीसी-जी कंपनी में नियुक्त मुख्य आरक्षी की कबर्ड में ड्यूटी लगी थी। हालत बिगड़ने के बाद मुख्य आरक्षी की मौत हो गई। पांचवें चरण में सोमवार को मतदान के लिए आए बाहरी फोर्स के एक जवान की अचानक हालत बिगड़ने से मौत हो गई। मणिपुर राज्य की एमपीटीसी-जी कंपनी में नियुक्त मुख्य आरक्षी की कबर्ड में ड्यूटी लगी थी। वहीं एक अन्य जवान ड्यूटी के दौरान गश खाकर गिर गया। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर में भर्ती कराया गया।

मणिपुर राज्य की एमपीटीसी-जी कंपनी के जवान महोबा में चुनाव ड्यूटी पर आए। पूरी कंपनी को कबर्ड के एक विद्यालय में ठहराया गया था। रविवार की देर रात कंपनी में मुख्य आरक्षी मंगियाथांग हओकिप (55) की अचानक हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में अन्य जवान उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां सोमवार की सुबह चार बजे उपचार दौरान उनकी मौत हो गई।

18 हजार में फ्लाइट का टिकट, इसके बाद सरकारी गाड़ी भेज बुलवाया- और करा दिया 100 फीसद मतदान

ललितपुर (एजेंसी)। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की मेहनत और शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प एक बार फिर रंग लाया। हर बार की तरह ललितपुर जनपद झाँसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक मतदान करने में कामयाब रहा। इस बार तो 3 गाँवों में इतिहास ही रच गया।

ब्लॉक मडावरा के ग्राम सौलदा, बुदनी नाराहट और ब्लॉक बिरधा के ग्राम बम्हौरी नांगल में शत-प्रतिशत वोट पड़े। दिलचस्प बात यह है कि इन गाँव के एक-एक मतदाता को सरकारी खर्च पर बेंगलुरु और दिल्ली से बुलाया गया था। इससे हर पंजीकृत मतदाता का वोट ईवीएम में लॉक होने का रिकॉर्ड बन गया।

चुनाव से पहले डीएम ने चलाया था जागरूकता अभियान

जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से शत-प्रतिशत मतदान सम्पन्न कराने के लिये लम्बे समय से कवायद की जा रही थी। इसके साथ ही विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से भी ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताकर प्रेरित किया जा रहा था।

ग्राम सौलदा में 357 मतदाता हैं। इनमें से एक मतदाता शेर सिंह बेंगलुरु में काम करता है। सभी मतदाता गाँव में ही मौजूद थे और शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प कर चुके थे, लेकिन शेर सिंह के गाँव में न होने से उनका यह संकल्प टूटता दिख रहा था।

बीएलओ के माध्यम से इकट्ठे किए 18 हजार

इसे जिलाधिकारी ने चुनौती के रूप में लिया और ब्लॉक स्तरीय मतदान कर्मियों की टीम बीएलओ आदि को आपस में 18 हजार रुपये एकत्र कर शेर सिंह को बेंगलुरु से फ्लाइट से भोपाल तक बुलवाया। वहाँ से सरकारी गाड़ी भेजकर गाँव लाया

◆ लोग बोले- डीएम हो तो ऐसा

गया। सोमवार को अपराह्न 1 बजे तक सभी 357 मत पड़ चुके थे। वहीं, ब्लॉक बिरधा के ग्राम बम्हौरी नांगल में कुल 441 मत हैं। इनमें से जयदीप दिल्ली स्थित गृह मन्त्रालय में अडिशनल प्राइवेट सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत हैं। दिल्ली में भी चुनावी प्रक्रिया चल रही है। इस कारण जयदीप का 20 मई को चुनाव के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण था। ऐसे में उनका वोट डालने गाँव आना असम्भव दिख रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने गृह मंत्रालय के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जयदीप का प्रशिक्षण किसी अन्य तिथि में कराने का अनुरोध किया, साथ ही शत-प्रतिशत मतदान कराने की मंशा भी बतायी। इस पर गृह मंत्रालय के अफसर मान गये और जयदीप को वोट डालने गाँव जाने की अनुमति दे दी। इस पर गत दिवस जयदीप गाँव आ गये और सोमवार को लोकतन्त्र के इस महापर्व में अपने वोट की आहुति दी। इससे इस गाँव में सभी 441 मत डल गए। इसी प्रकार ब्लॉक मड़ावरा के ग्राम बुदनी नाराहट के सभी 215 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर रिकॉर्ड बनाया।

मतदाता लौटते तो अन्य गाँवों में भी होता शत-प्रतिशत मतदान

जनपद में बेरोजगारी के चलते हजारों ग्रामीण फसल कटायी के बाद रोजी-रोटी की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन कर गये हैं। यदि यह ग्रामीण गाँव वापस लौटते तो अन्य गाँवों में भी शत-प्रतिशत मतदान हो सकता था।

पिछले चुनावों में भी टॉप पर रहा था ललितपुर जनपद

झाँसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र में ललितपुर जिले की दो विधानसभा ललितपुर एवं महरौनी भी शामिल हैं। हर बार इन दोनों जिलों में लोकसभा क्षेत्र की अन्य विधानसभा क्षेत्रों के मुकाबले सबसे अधिक मतदान होता रहा है। ललितपुर जनपद में वर्ष 2014 में जहाँ 68.36 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं वर्ष 2019 में 67.58 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

बदरीनाथ धाम में दो दिन में तीन तीर्थयात्रियों की हार्ट अटैक से मौत

चमोली (एजेंसी)। तीनों तीर्थयात्रियों की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। बदरीनाथ धाम की यात्रा में अब तक सात तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है।

बदरीनाथ धाम में बीते दो दिनों में तीन तीर्थयात्रियों की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो चुकी है। सोमवार को बदरीनाथ जा रहे मध्यप्रदेश के एक तीर्थयात्री की यात्रा पड़ाव पर तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इससे पहले रविवार देर शाम दिल्ली और मध्यप्रदेश के दो तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी। जानकारी के मुताबिक, रविवार देर शाम बदरीनाथ धाम की यात्रा की पर आए दिल्ली निवासी अमित शर्मा (44) को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। परिजन उन्हें सरकारी अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को ही धाम में पहुंचे मध्यप्रदेश निवासी रमेश राठौर (60) की भी दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई थी।

नोटों की माला से यूपी पुलिस का स्वागत...

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकडा से गत सप्ताह घर के बाहर खड़े भूसे से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली की चोरी करने की घटना का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को तमंचे समेत गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद की है, जबकि उनका तीसरा साथी फरार हो गया। भाकियू अराजनीतिक के पदाधिकारियों व ट्रैक्टर स्वामी ने थाने पहुंचकर पुलिस टीम का नोटों की माला पहनाकर धन्यवाद किया।

भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीते गुरुवार को गांव रहकडा निवासी सुरेश कुमार की रात्रि में घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली को चोरों ने चोरी कर लिया था। पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरों की सहायता से ट्रैक्टर ट्रॉली की तलाश कर रही थी। रविवार अलसुबह मुखबिर की सूचना पर भोकरहेडी सीकरी तिराहे से ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर जा रहे दो युवकों को पुलिस ने तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका तीसरा साथी भाग गया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सोनी व विनीत निवासीगण बुच्चा बस्ती, थाना पुरकाजी बताया, जबकि फरार साथी का नाम अनिल निवासी पचैण्डा कलां, थाना नई मंडी बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

ट्रैक्टर ट्रॉली बरामदगी की सूचना पर ट्रैक्टर स्वामी सुरेश व भाकियू अराजनीतिक के जिला उपाध्यक्ष अनुज अहलावत, अतुल अहलावत, जसवंत, सौरभ आदि कार्यकर्ता थाने पहुंचे और पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह व उपनिरीक्षक जयसिंह भाटी, रईस खान को नोटों की माला पहनाकर उनका धन्यवाद किया।

कब खत्म होगी काली कमाई की खाई

आगरा (एजेंसी)। पूर्व में भी आयकर छापे पड़े हैं, पर एक ही जगह इतनी नकदी छिपाने का आगरा में यह पहला मामला है। जूता कारोबारियों के ऑफिस और कार्यस्थल पर नकदी कम मिली। आयकर विभाग के इन्वेस्टिगेशन विंग के छापे में तीनों जूता कारोबारियों से तीन दिनों में कुल 56 करोड़ रुपये नकदी मिली है। 11,200 से ज्यादा नोटों के बंडल टीम को डबल बेड और अलमारियों में मिले। इसे सोमवार को बैंक की कैश जमा करने वाली वैन से करेंसी चेस्ट में भेजकर जमा कराया गया। आयकर विभाग के मुताबिक तीनों जूता कारोबारियों के ठिकानों पर यह छापा चौथे दिन भी चलने के आसार हैं।

इन्वेस्टिगेशन विंग के जॉइंट डायरेक्टर अमरजीत के निर्देशन में एमजी रोड स्थित बीके शूज के अशोक मिड्ढा, मंशु फुटवियर के हरदीप मिड्ढा और हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर और प्रतिष्ठान पर छापा मारा गया। सोमवार को

कार्रवाई का तीसरा दिन था।

सबसे ज्यादा नकदी हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर मिली है। डबल बेड और अलमारी में रखे बैगों में छिपाकर रखी गई थी। 500 रुपये के नोटों के 11,200 बंडलों को टीम ने स्टेट बैंक की वैन मंगवाकर सरकारी एकाउंट में जमा कराया। दो हजार रुपये का नोट बंद होने के बाद 500 रुपये के नोटों की इतनी गड्डियां मिलने से आयकर अधिकारी भी हैरान हैं।

पूर्व में भी आयकर छापे पड़े हैं, पर एक ही जगह इतनी नकदी छिपाने का आगरा में यह पहला मामला है। जूता कारोबारियों के ऑफिस और

◆ जूता कारोबारियों के घर से 500 की 11,200 गड्डियां मिलीं

कार्यस्थल पर नकदी कम मिली। बड़ी संख्या में नोटों की गड्डियां मिलने का मामला इतना तूल पकड़ गया कि हर दो घंटे में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को रिपोर्ट भेजी जा रही है। बोर्ड इस आयकर छापे पर पूरी निगाह बनाए है। नोटबंदी और जीएसटी लागू होने के बाद नोटों की इतनी गड्डियां मिलना उनके लिए भी चौंकाने वाला है।

हरमिलाप ट्रेडर्स के संचालक रामनाथ डंग के घर पर डबल बेड के साथ अलमारी और पुरानी तिजोरियों में नोटों की गड्डियां भरी मिली हैं। यहां लकड़ी की आठ फीट ऊंची और दो फीट गहरी अलमारियों में नोटों के बंडल भरे मिले। पुरानी लोहे की तिजोरियों को छिपाकर रखा गया था, जिनकी चाबी देने में भी आनाकानी की गई।

संक्षिप्त समाचार

संयुक्त टीमो ने की चेकिंग

चित्रकूट। प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम द्वारा रामायण मेला परिसर में विधान सभा चित्रकूट, विधानसभामानिकपुर के बने स्ट्रांग रूम की सघन चेकिंग की गई।

स्ट्रांग रूम का अधिकारियो ने किया निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने दोनो विधानसभा निर्वाचन सामग्री जमा कराए जाने के लिए बनाए गए स्टांग रूम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी श्री लाल जी यादव को निर्देश दिए की अच्छी तरह से पूरे ग्राउंड की साफ सफाई कराई जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि बैरीकेडिंग आदि जो मतगणना के लिए कराई जानी है उसका एक प्लान बनाकर कराया जाए। तत्पश्चात जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह से कहा कि सभी कैमरे संचालित रहे यह व्यवस्था सुनिश्चित करें इसके पश्चात जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने एएमएफ सिस्टम, मीडिया प्रमाणन, राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र, आलोक सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

खराब सडक को लेकर ग्रामीणो ने किया मतदान बहिष्कार

चित्रकूट। बांदा चित्रकूट लोकसभा सीट के लिए हो रहे मतदान चित्रकूट जिले के बरुआ रुपौली गांव के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। बेहद खराब सड़क के चलते लोगों में नाराजगी है। ग्रामीण डीएम को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। मतदाताओं को मनाने के लिए चित्रकूट जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव और नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता गांव पहुंचकर मतदाताओं की आरजू करने में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जिलाधिकारी मौके पर नहीं आएंगे तब तक हम लोग किसी दूसरे की बात पर कोई भरोसा नहीं करेंगे। विकास की बात कहने वाली सरकार का विकास अगर देखना हो तो यहां आकर देखा जा सकता है। अगर गांव में कोई बीमार हो जाए तो उसे अस्पताल ले जाना मुश्किल है। बेहद खराब सड़क की शिकायत अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े हुए हैं और पिछले पांच घंटे से मतदान का बहिष्कार चल रहा है।

गर्मी से बिलबिला उठे लोग, पारा 45 डिग्री तक पहुंचा

- सुबह-शाम चहल-पहल, दोपहर में सन्नाटे का रहा आलम
- 22 तक पड़ेगी भीषण गर्मी, 47 तक जा सकता है तापमान

बांदा। तापमापी पारे की सुई लगातार ऊपर चढ़ती जा रही है। सोमवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस अधिकत तक पहुंच गया। इससे लोग बेचैन हो उठे। सुबह 10 बजे के बाद जबरदस्त धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को दुबकने पर मजबूर कर दिया। मजबूरन जो लोग घरों से बाहर निकले वह गमछा, छतरी और तौलिया का इस्तेमाल करते हुए नजर आए। मालूम हो कि मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी जारी की थी, अगले तीन दिन तक भीषण गर्मी पड़ेगी और गर्म हवाओं के चलने से लू का खतरा उत्पन्न होगा। शनिवार से ही गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया था। रविवार को को तापमान अधिकतम 44 और न्यूनतम 31 पर रहा। सोमवार को तापमान में एक डिग्री का इजाफा हुआ और पारा 45 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तक पहुंच गया। विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक गणेश शाहा ने बताया कि अभी तापमान और भी बढ़ने की संभावना है।

मतदान बूथो से नदारत दिखे वालिंटियर

महोबा। लोकसभा चुनाव से कोई भी वृद्ध या दिव्यांग मतदान से वँचित न हो सके इसके लिए चुनाव आयोग के आदेश पर प्रशासन द्वारा समूचे विधानसभा क्षेत्रो मे वॉलिंटियरो को नियुक्त किया था परन्तु अधिकांश मतदेय स्थलो पर वह नदारत ही पाये गये।

गौरतलब हो कि मतदान राष्ट्र निर्माण के लिए संविधान से दिया गया नागरिको को सबसे बड़ा अधिकार है और इस मताधिकार से कोई भी व्यक्ति वँचित न रह सके अथवा अपंग, बीमार, वृद्ध सुगमता पूर्वक मतदेय स्थलो तक पहुँच सके इसके लिए वॉलिंटियर की सहायता लेने के एक अनुपम उपाय खोजा गया था। परन्तु जिले के बनाये गये अधिकांशता पोलिंग बूथो पर वालिंटियर खोजे नही मिले वॉलिंटियरो के सम्बन्ध मे जब बुर्जुग मतदाताओ से पूँछा गया तो उन्होने हैरानी प्रकट करते हुए पूँछा की यह कौन साहब होते है हमारी तो जिन्दगी निकल गयी मतदान करते करते। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान स्थलो पर वालिंटियरो का प्रचार प्रसार अथवा सूचना चस्पा न होने के कारण वृद्ध तथा बीमार इनका लाभ लेने से वंचित देखे गये।

व्यापारिक प्रतिष्ठान रहे बन्द, बाजारो में रहा सन्नाटा

महोबा । जिले के मतदाताओ मे मतदान के लिए ऐतिहासिक उत्साह ऐसा छाया रहा कि बाजारो मे लोग जरूरी खान पान की वस्तुओ के साथ साथ चाय पानी को भी तरस गये। व्यापारियो ने प्रशासन के आदेशो का पालन करते हुए अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बन्द रखे। गौरतलब हो कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने की रणनीति के तहत आज 20 मई के रोज व्यापार मण्डल के सहयोग से व्यापारिक प्रतिष्ठान बन्द रखने का फ्रमान व्यापारियो को सुनाया था। व्यापारियो ने प्रशासन का सहयोग करते हुए आज पूरी तरह से पूर्णतया बाजार बन्दी रखी इसके अलावा जिले के चरखारी, कबरई, श्रीनगर, खरेला कुलपहाड़ तथा पनवाड़ी के व्यापारियो ने भी अपने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बन्द रखे। तथा सारे दिन प्रत्याशियो की जीत हार को लेकर चुटीले अंदाज मे चर्चाओ मे व्यस्त देखे गये। हालाकि शाम 5 बजे के बाद मतदान समाप्ती के उपरान्त कुछ व्यापारियो ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानो को खोल लिया था। परन्तु इस बन्दी मे दवा विक्रेताओ ने जनहित मे अपने को पूर्णतया अलग रखा हुआ था।

मतदान ड्यूटी तैनात केन्द्रीय पुलिस बल के जवान की हार्ट अटैक पड़ने से मौत

महोबा। महोबा जिले मे सोमवार को पांचवे चरण के मतदान मे चुनाव ड्यिूटी पर तैनात केंद्रीय रिजर्व बल के एक जवान की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया की लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण मे मतदान कराने के लिए मणिपुर की एसएपीजी कंपनी के जवानो की महोबा जिले मे ड्यूटी लगाई गई है। सुबह वोटिंग शुरू होने से पहले कबरई स्थित केम्प स्थल मे जवान हेड कॉंस्टेबिल एच सी मेंग जेथाग होकीप को अचानक सीने मे दर्द होने की शिकायत होने पर इलाज के लिए तत्काल महोबा के जिला अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उसकी मौत हो गयी चिकित्सकों ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की मणिपुर के ईष्ट पेंगियांग डौन का निवासी 55 वर्षीय जवान पूर्व से किसी बीमारी से ग्रसित रहा बताया गया है। पुलिस ने उसके शव को कब्जे मे लेकर जिला अस्पताल की मोर्चारी मे रखवा दिया है ।

चमन सा फिर हमें अपना ये हिंदुस्तान करना है

गुरसराय । निकट बर्ती ग्राम लखावती में श्री विष्णु महायज्ञ के समापन के पश्चात विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी सतीश चंद्र चौरसिया ने की।अतिथि के रूप में पत्रकार अरूण चतुर्वेदी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं कवियों के द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन के पश्चात पुखरायां कानपुर देहात के कवि संजीव कुलश्रेष्ठ की वाणी वंदना से हुआ तत्पश्चात् कवियों का माल्यार्पण कर तिलक एवं वेज अलंकरण कर स्वागत कमलकांत शर्मा, गुटें झा, विनय भदोरिया, संजू शर्मा, प्रिंस शर्मा, गोलू शर्मा आदि कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा किया गया तत्पश्चात इटावा से आए ओज के सशक्त हस्ताक्षर महेश मंगल ने शहीद की विधवा पत्नी की बिरह व्यथा कुछ यू सुनाई- युगों युगों से मर्यादा की मेरी रही निशानी हैं। राष्ट्र हेतु बलिदानी वीर की वह विधवा छात्रानी है।

तत्पश्चात कानपुर से आए लाल सिंह लाल फौजी ने कहा -जुनून है खून में मेरे वफा ईमान रखता हूं मेरी आंखों में शोले हैं मैं हिंदुस्तान रखता हूं। इसके पश्चात चंद्र हंसपुर से आए वरिष्ठ कवि विजय सिंह पाल ने कहा- हमने कब कविता लिखी कब-कब गाये गीत। सांसों में बजता रहा रोटी का संगीत। उत्तर प्रदेश सरकार से सम्मानित एवं पुरस्कृत कवि डॉ सुकदेव कुमार व्यास ने शहीदों की शहादत को नमन करते हुए कहा - शहीदों की शहादत का सपूतो ध्यान करना है,वतन के वास्ते अपने न्योछावर प्राण करना है, बदल दो वक्त की धारा समय के साथ में मिलकर, चमन सा फिर हमें अपना ये हिंदुस्तान करना है इसके बाद मिहोना भिंड मध्य प्रदेश से आए महेंद्र मिहोनवी ने अपने व्यंग्य वाण छोड़ते हुए कहा- एक नजर से देखते सब को लंबरदार , तलघर में डाकू परे छत पर धानेदार। इसके बाद भांडेर दतिया मध्य प्रदेश से आए वरिष्ठ कवि राधावल्लभ पांडे ने अपनी व्यथा कुछ इस तरह सुनाई- कब तक प्यासे और रहेंगे मरुस्थल की तनहाई में । रेगिस्तानी दर्द छुपा है सागर की गहराई में । इसके बाद उदयभान शर्मा बोले यारो जिसमें दम होता है, वही विजई हरदम होता है। धूल चटा देता दुश्मन को जब मन एटम बम होता है। प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव ने कहा - नदियों को बहाने के लिए किसी पद की जरूरत नहीं होती। सत्य कहने के लिए किसी शपथ की जरूरत नहीं होती ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिशुपाल सिंह सरस ने कहा - सच की संगति में क्या रक्खा चल झूठों से यारी कर।कब तक बुद्धू बना रहेगा चल तू भी हुशियारी कर। इसके अलावा दिनेश शर्मा चिंतक, आनंद शर्मा ने भी काव्य पाठ किया। अंत में आभार व्यक्त कमला कांत शर्मा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

चित्रकूट। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जनपद में चल रहे लोकसभा निर्वाचन पर मतदान केन्द्र सीआईसी, कम्पोजिट विद्यालय सोनेपुर, कम्पोजिट विद्यालय कर्वी, कम्पोजिट विद्यालय डिलौरा, प्रा0 विद्यालय कालूपुर, प्रा0 विद्यालय रेहुटिया, कम्पोजिट विद्यालय सेमरिया चरणदासी, प्रा0 विद्यालय भगत सिंह नगर खरौंध, प्राईमरी विद्यालय सरैंया, प्रा0 विद्यालय गढचपा, आदर्श इण्टर कालेज मानिकपुर, प्रा0 विद्यालय मानिकपुर भाग-2, सरदार बल्लभ भाई पटेल पु0मा0 विद्यालय रैपुरा, कम्पोजिट विद्यालय अगरहुण्डा, प्रा0 विद्यालय गड़रियन पुरवा बांधी रामनगर, प्रा0 विद्यालय देवंधा रामनगर, कम्पोजिट विद्यालय मऊ जोरवारा, महामति प्राणनाथ मह0 विद्यालय मऊ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मतदात ड्यूटी में तैनात कर्मियो को निर्भीक मतदान कराने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मतदान को लेकर लोगो में रहा गजब का उत्साह

चित्रकूट। बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट पर मतदान सुबह 7 बजे से चल रहा है। 5 बजे तक 56.76 प्रतिशत मतदान हो गया है। जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने मतदान कर दिया है। बूथ संख्या-392 पर ईवीएम खराब हो गई है। ईवीएम खराब होने की वजह से वोटिंग में देरी होने की सूचना है। मऊ मानिकपुर पूर्व विधायक मऊ मानिकपुर आनंद शुक्ला ने मतदान किया है। उन्होंने लोगो से अपील की लोग घर से निकलकर अधिक से अधिक मतदान करें। लोकसभा सीट पर 20 लाख 6679 मतदाता जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में कुल 831 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 1389 बूथों पर पोलिंग पार्टियां मतदान करा रही हैं। वही बांदा-चित्रकूट कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने अपनी बेटी व पत्नी के साथ मतदान किया। समाजसेवी शानू गुप्ता व वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार अग्रवाल अपने पिता तथा पत्नी रूपा अग्रवाल के साथ मतदान किया। बूथ पर बने सेल्फी प्वाइंट पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंडी समिति से रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों की व्यवस्था का जायजा लेकर सभी व्यवस्थाएं देखी थीं। मतदान को सब कुशल संपन्न करने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के बीच पूरे इंतजाम किए हैं। 1389 बूथों पर लगभग 10 हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। चित्रकूट बांदा लोकसभा में पांच विधानसभा आती हैं, जिसमें बांदा, नरैनी, बबेरू हैं और चित्रकूट की चित्रकूट और मऊरानीपुर विधानसभाएं शामिल हैं।

एरच में हुआ 58 प्रतिशत मतदान 6872 में 3986 मतदाताओ ने किया मताधिकार का प्रयोग

एरच। झाँसी लोकसभा चुनाव के तहत पांचवे चरण कि लिए जिले मे हुए मतदान में लोगो ने बढचढ कर भाग लिया सुबह से मतदाताओ मे अपने वोट डालने को लेकर के लिए पोलिंग बूथो पर भीड जुटनी प्रारम्भ हो गई थी एरच में 58 प्रतिशत मतदान हुआ समूचे क्षेत्र मे मतदान शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ नगर एंव क्षेत्र में जालौन गरौठा भोगनीपरु संसदीय क्षेत्र के लिए सोमवार को हुए मतदान मे मतदाताओ ने ऐसी गर्मी मे घरो से निकल कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया सुबह से ही मतदाताओ ने अपने मत को डालने के लिए बूथो पर भीड रही नगर में कुल सात बूथ में 6872 मतदाताओ में से 3986 मतदाताओ ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमे महिलाओ की सर्वाधिक भागेदारी रही बूथ संख्या 194 में 665 ,195 मे 598, 196 मे 442 ,197 में 705 , 198 में 679 , 199 में 490 ,200 मे 407 मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग नगर मे सभी सात बूथो पर हुए मतदान मे कुल 3986 मतदाताओ ने बोट डाले एरच मे कुल 58 प्रतिशत मतदान हुआ मतदान शाति पूर्वक सम्पन्न हुआ सभी बूथो पर सुरक्षा व्यवस्था के पुक्ता इंतजाम किए गए थे।

मतदाता पर्ची के लिए भटकते रहे दर्जनो मतदाता

एरच मतदान के दोरान दर्जनो मतदाता पर्ची के लिए इधर उधर भटकते नजर आए वह पार्टियो के द्वारा लगाए गए बस्ते पर भी पहुचे लेकिन उन्हे पर्ची न मिल पाने के कारण वह मतदान करने से बचिंत रह कर निराश होकर के घर वापिस लोटने को मजबूर रहे ।

मतदाताओ ने बी एल ओ पर लगाए आरोप

मतदाता पर्ची से बचिंत मतदाताओ ओर राजनेतिक दलो ने इस कार्य मे लगाए गए बी एल ओ द्वारा सही कार्य न करने ओर मतदाताओ के यहां पर घर घर मतदाता पर्ची न भेजने से मतदाता परेशान रहे मतदाताओ ने बी एल ओ की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए कार्यवाही की मांग की है ।

स्वच्छ लोकतत्र की मजबूती के लिए पहली बार किया मतदान

एरच झांसी मतदान के दोरान निकटवर्ती गांव इसकिल बुर्जुग बूथ पर पहली बार बोटर बनी कु0 दीक्षा ने अपने मत का प्रयोग कर उन्होने कहा कि वह देश के स्वच्छ लोकतत्र ओर रोजगार एंव शिक्षा नारी संशक्ती करण सम्मान एंव देश के विकास के लिए बोट दिया।

मतदाता सूची से नाम गायब होने से परेशान रहे मतदाता की शिकायत

महेवा के गांव के कई लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब करने पर ग्रामीणो ने इसकी शिकायत अधिकारियो से कर बी एल ओ पर मनमानी का आरोप लगाते हुए गलत तरीके से नाम हटाए जाने का आरोप लगाया है शिकायत करने बालो में महीपत सिंह निरजंन,देव कुमार , हिरदेश कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

दोपहर में बूथो पर पसरा सन्नाटा

मतदान के दोरान नगर एंव क्षेत्र के अधिकांश मतदेय स्थलो पर सन्नाटा पसरा रहा सुबह मतदान शुरू होते ही बूथो पर लम्बी लाईन लगनी शुरू हो गई थी दोपहर 11 बजे तक 35 प्रतिशत मतदान हो चुका था इसके बाद शाम चार बजे से फिर मतदाताओ की भीड जुटनी शुरू हो गई थी ।

शांतिपूर्वक संपन्न हुआ लोकसभा चुनाव

सेरिया में चुनाव बहिष्कार के चलते कुल 8 वोट पड़े

गुरसराय । लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो जाने पर प्रशासन ने अपनी पीठ थपथपाई। नगर गुरसराय में कहीं 45, कहीं 50, कहीं 60 प्रतिशत ही मतदान हो सका जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 70 प्रतिशत तक मतदान पहुंचा। भीषण गर्मी को देखते हुए अधिकांश मतदाता सुबह से ही वोट डालने के लिए अपने घरों से निकल पड़े थे लेकिन जैसे-जैसे धूप तेज होती गई धूप तेज होने के कारण वाटर अपने घरों में दुबक गया सायं काल मतदाता अपने घरों से निकला तथा वोट डाले। पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार कहीं भी ज्यादा लंबी-लंबी कतारें देखने को नहीं मिलीं। इस पर लोगों का कहना था कि जहां पहले वैलेट पेपर से चुनाव होते थे उसमें समय ज्यादा लगता था लेकिन ईबीएम मशीन के चलते कम समय में अधिक वोट गिर गये। उधर झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले मऊरानीपुर विधानसभा के ग्राम सेरिया में सड़क को लेकर ग्राम वासियों ने वोट देने का बहिष्कार कर दिया जिसकी वजह से वहां कुल 8 बोट ही पड़े। मतदान का बहिष्कार होने पर प्रशासन ने दबाव बनाकर सुबह 10 बजे तक चौकीदार एवं अन्य दो लोगों के वोट डलवाए गांव में अधिकारियों का आना-जाना लगा रहा। दोपहर बाद पांच लोगों के द्वारा और वोट डाले गए इस तरह कुल आठ लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिस सड़क को लेकर मामला चल रहा है उस सड़क को ग्राम अतरसुआं के सुरेंद्र देवलिया की भूमि धरी नंबर से रातों रात सड़क के लिए कच्ची मिट्टी डलवा दी गई है जिससे वहां भी आक्रोश देखा जा रहा है। सेरिया में प्रशासनिक अधिकारी लोगों को वोट देने के लिए समझाने बुझाने में लगे रहे । जानकारी मिलने पर मऊरानीपुर विधायक डॉ रश्मि आर्य के प्रतिनिधि जयप्रकाश आर्य पप्पू सेठ ग्राम सेरिया पहुंचे उन्होंने ग्राम वासियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन लोग अपनी बात पर अड़े रहे ।जब तक रोड नहीं तब तक वोट नहीं के नारे ग्रामीण लगातार लगाते रहे । बताते चलें कि किसी भी राजनैतिक दल का कोई भी गांव का व्यक्ति एजेंट तक नहीं बना। जिसके कारण बहिष्कार एकजुटता के साथ देखा जा रहा था।

प्रेक्षक व डीएम ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

बांदा। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पं. जेएनपीजी कालेज बांदा, हिन्दू इण्टर कालेज अतर्रा, उच्च प्राथमिक विद्यालय फौजदार पुरवा विधानसभा क्षेत्र नरैनी, प्राथमिक विद्यालय पनगरा नरैनी, आदर्श मतदान केन्द्र राजकुमार इण्टर कॉलेज नरैनी, प्राथमिक विद्यालय बरौली, प्राथमिक विद्यालय बबेरू तथा कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिन्दवारी सहित अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए मतदान को शान्तिपूर्वकढंग से सम्पन्न कराये जाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित पीठासीन अधिकारियों से शान्तिपूर्वक मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए मतपत्र लेखा सहित अन्य प्रपत्रों को ठीक प्रकार से तैयार करने के निर्देश दिये। इससे पूर्व उन्होंने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए मॉकपोल को समय से कराये जाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए छाया/टेन्ट, शुद्ध पेयजल, बैठने हेतु व्यवस्था की गयी है तथा आदर्श मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था करते हुए उन्हें सुसज्जित किया गया है और मतदाताओं को अपने मताधिकार के उपयोग के पश्चात सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये हैं। मतदान केन्द्रों पर पुलिस की समुचित व्यवस्था की गयी हैं, जिससे कोई भी मतदाता सुरक्षित माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर शान्तिपूर्वक व्यवस्था के साथ मतदान कार्य सम्पन्न होना पाया गया। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय बनखंडी नाका , राजकीय इंटर कालेज इंटर कालेज मोबाइल बुजुर्ग सहित मतदान केदो का निरीक्षण किया, तथा सभी मतदाताओं का मतदान कराई जाने के निर्देश दिए। जनपद सामान्य प्रेक्षक वी.कलाईशशि ने भी जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने भी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को देखने के साथ पुलिस सेक्टर अधिकारियों एवं सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदाताओं को वोट करने के बाद सीधे अपने घर जाने के सम्बन्ध मे अवगत करायें तथा बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यकतानुसार ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार सहित निर्वाचन से जुड़े सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वोटर लिस्ट से नाम गायब होने से मतदान से वंचित रहे सैकड़ो लोग

महोबा । पाँचवें चरण के अन्तंगत सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न मतदाता बूथो पर बीएलओ द्वारा मतदाताओ के मतदान सूची से नाम काट देने के चलते सैकड़ो मतदाता आज मतदान से वंचित देखे गये कही कही तो बीएलओ और मतदाताओ के बीच नोकझोक भी हुई।

गौरतलब हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सम्पन्न कराये जा रहे चुनाव से पूर्ण कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह सके इसके लिए बीएलओ को घर घर जाकर मतदाता सूची तैयार करने के आदेश दिये थे परन्तु बीएलओ द्वारा अपने कर्तव्यों को घर पर ही निपटाना उचित समझा और मनमाने ढ़ग से लोगो के नाम मतदाता सूची मे घटा बढ़ा दिये। जिसका खामियाजा आज मतदेय स्थलो पर मतदान करने पहुंचे सैकड़ो लोगो को उठाना पड़ा किसी का काम कटा तो किसी को विलोपित दर्शाया गया था जिस कारण लोग अपने हाथो मे मतदान पहचान पत्रो के अलावा अन्य विकल्प भी लिये थे परन्तु मतदाता सूची मे नाम ही नही होने के कारण उन्हे मतदान से वंचित रहना पड़ा। मुख्यालय नगर के आलमपुरा वार्ड के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोगो के नाम मतदाता सूची से काट दिये गये जो बड़े उत्साह के साथ वोट डालने राजकीय पॉलिटेक्निक मे बनाये गये मतदेय स्थल पर पहुँचे थे परन्तु उन्हे हताश होकर लौटना पड़ा इसके अलावा नयापुरा बंधानवार्ड, रेलवे कालौनी, जकरियापीर, फ्तेहपुर बजरिया मे बहुतायात मे वोटरो के नाम कटे होने के कारण बीएलओ से काफी तेज नोकझोक भी हुई। इसके अलावा कबरई, चरखारी, कुलपहाड़, खरेला, पनवाड़ी, श्रीनगर मे सम्पन्न कराये गये निर्वाचन के दौरान भी मतदाताओ के नाम भारी संख्या मे वोटर लिस्ट से नदारत थे।

दो दिन बंदी के बाद शराब ठेके खुले तो पियक्कड़ो का मदिरालय मे लगा हुजूम

महोबा । लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने को लेकर आबकारी अधिकारी द्वारा 18 मई को अग्रिम आदेशो तक मदिरालय बंद किये जाने के आदेश निर्गित किये थे। आबकारी अधिकारी के दिशा निर्देशो पर शराब ठेकेदारो ने अपनी अपनी मदिरा की दुकाने बंद कर रखी थी। सोमवार के रोज शाम 6 बजे मतदान सम्पन्न हो पाता कि मदिरा की दुकानो मे शाम 5 बजे से ही भीड़ एकत्र होना शुरू हो गयी थी। मदिरालय की दुकानो पर पियक्कड़ो की भीड़ सैकड़ो मे पहुँच गयी थी। भीड़ देखकर ऐसा लग रहा था कि मदिरालय की दुकान न हो कोई धार्मिक स्थल पर लोग दार्शनाथ हेतु खड़े हो। पिछले दो दिन से शराब न मिलने के कारण पियक्कड़ो के चेहरे पर मायूसी छायी हुई थी। बड़ी ही शांति और शालीनता के साथ मदिरा के ठेको के आस पास खड़े लोग ठेके खुलने का इंतजार करते देखे गये। शाम 6 बजे मदिरालय के ठेके खुलते ही मदिरा पान के आदि हो चुके लोग मदिरा पाकर इस तरह खुशी हो रहे थे जैसे उन्हे अमृत मिल गया हो। मदिरा के पाते ही पियक्कड़ो के चेहरे पर खुशी स्पष्ट जाहिर हो रही थीं।

संक्षिप्त समाचार

नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक द्वारा किया गया संगम शिशु मंदिर में पुरस्कार वितरण

उन्नाव। दिनांक 20 में 2024 को शहर के प्रतिष्ठित स्कूल संगम शिशु मंदिर इंटर कॉलेज ए बी नगर उन्नाव में वार्षिक परीक्षा फल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक और भाजपा नेता विमल द्विवेदी और प्रबंधक निशांत शुक्ला द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि की मां द्विवेदी व प्रबंधक किशन शुक्ला द्वारा नर्सरी से 12वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय, स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षा पर प्रमाण पत्र के साथ मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ।

मुख्य अतिथि ने सभी छात्र- छात्राओं एवं विद्यालय परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की विद्यालय परिवार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

बाईक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल

उन्नाव/नवाबगंज । दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे युवकों की बाइक में राजमार्ग पार कर रहे दूसरे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। 108 एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दो घायलों को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नवाबगंज कस्बे के पछियांव मोहल्ला निवासी गणेश पुत्र अलोपी की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिसके दाह संस्कार के लिये सोमवार शाम उसके परिजन घाट ले जा रहे थे। जिसमें शामिल होने के लिए उसका भाई भगीती 40 वर्ष, लक्ष्मी 45 वर्ष पुत्रगण अलोपी व रिश्तेदार छेदी 45 वर्ष पुत्र नेपाल निवासी पूरा बरौना थाना हसनगंज एक बाइक से घाट जा रहे थे। इस दौरान अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित पक्षी विहार के समीप राजमार्ग पार कर रहे दूसरे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में भगीती, लक्ष्मी, छेदी व दूसरी बाइक सवार बबलू पुत्र मूल चंद 35 वर्ष निवासी मानकनगर लखनऊ व एक अज्ञात समेत पांच लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायलों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने भगीती व लक्ष्मी को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नगर पालिका को बनाया गया आदर्श मतदान केन्द्र

महोबा । चुनाव आयोग के निर्देशन नगर पालिका परिषद महोबा को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया था जो आकर्षण का केन्द्र रहा। मतदान केन्द्रो पर जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओ को छाया व बैठने के लिए शामयाने की व्यवस्था की गयी थी।

आदर्श मतदान केन्द्रो को आधुनिक तौर तरीके से सजाया और संभाला गया था। स्वास्थ्य से सम्बन्धित सारी व्यवस्थाऐ की गयी थी उक्त केन्द्रो मे चिकित्सक की तैनाती के साथ साथ आवश्यक औषधियां और मतदाताओ के लिए जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी थी मतदान केन्द्रो को फूल पण्डालो से सजाने के साथ साथ मुख्य गेट पर रंगोली तैयार की गयी थी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तैयार कराये गये मॉडल मतदान केन्द्रो मे मतदाताओ ने पहुँचकर 60 प्रतिशत से लेकर 65 प्रतिशत तक मतदान करने की खबर है।

सड़क की मांग पूरी न होने पर जारी है चुनाव बहिष्कार, आलाधिकारी ग्रामीणों को मनाने में जुटे

महोबा । आजादी के 79 साल बाद गांव को शहर से जोड़ने वाली महज 3 किलोमीटर सड़क न बनने से नाराज महोबा जिले के सीगौन गांव के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों ने दोपहर ढाई बजे तक मतदान नही किया। सूचना पर एडीएम, सीडीओ और एडिशनल एसपी ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को मतदान के लिए मानने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण रोड नही तो वोट नहीं के नारे लगाते हुऐ मतदान बहिष्कार पर अड़े रहे। अधिकारियों ने सरकारी संस्थाओं में संबद्ध 8 मत डलवाने का दावा किया है। वही ग्रामीणों ने चौपाल लगाकर मतदान न करने का सामूहिक फैसला किया। ग्रामीणों ने सार्वजनिक रूप से कहा कि जो व्यक्ति मतदान करेगा पूरा गांव उस व्यक्ति का बहिष्कार कर देगा। ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार के बाद अधिकारी बेबस नजर आ रहे है। दरअसल मामला महोबा जिले के जैतपुर विकास खण्ड के सीगौन गांव का है। भोगौलिक रूप से यह गांव मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़ा हुआ है। जबकि महोबा मुख्यालय 60 किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों को अपने गांव से मध्य प्रदेश का नौगांव कस्बा महज तीन किलोमीटर की दूरी पर है लेकिन रास्ता न होने से ग्रामीणों को नौगांव खरीदारी या अन्य कार्यों के लिए 20 किलोमीटर का लम्बा सफ़र करना पड़ता है। ग्रामीणों में कई बार जिले अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से 3 किलोमीटर के रास्ते को पक्का बनाने की पहल की थीं लेकिन वन क्षेत्र होने के कारण यह मार्ग नही बन सका। यही वजह है कि आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव के बाहर रोड नही तो वोट नहीं का बैनर टांग कर मतदान का विरोध करना शुरु किया। कई अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण सिर्फरोड बनने की शर्त पर ही मानने को तैयार थे।

तेज धूप तपन में लोकतंत्र पर्व पर जमकर बरसे वोट

- सुबह से मतदाताओं की बूथों में लगी लम्बी लाइन
- भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ मतदान

बांदा। देश के सबसे लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर भारतीय संसद यानी लोकसभा के लिए पूरे देश में हो रहे पांचवे चरण के मतदान में बांदा जनपद में भी लोगों में जोश देखने को मिला। सुबह सात बजे मतदान शुरू होने से पूर्व लोगों की लंबी-लंबी लाईने सभी पोलिंग स्टेशनों में लगी रहीं। मतदान शुरू होते ही उत्साहपूर्वक लोगों ने अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करते हुए अपने मनपसंद प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। उधर जिला प्रशासन द्वारा लगातार चलायी जा रही मुहिम के पहले मतदान, फिर जलपान का असर लोगों में साफतौर पर देखने को मिला। यही वजह थी कि सुबह मतदान शुरू होते ही लंबी-लंबी कतारों में लगकर लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। खासतौर पर युवा वर्ग में मतदान के प्रति ज्यादा ही जोश देखने को मिला।

सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान में सुबह नौ बजे तक पूरे जनपद में मतदान का प्रतिशत 14.15 रहा। जबकि प्रात: 11 बजे तक जनपद बांदा में 28.23 प्रतिशत मतदान रहा। वहीं लोकसभा क्षेत्र में प्रात: 11 बजे तक 29 प्रतिशत मतदान रहा। वहीं दोपहर में तेज धूप होने की वजह से मतदान का प्रतिशत धीड़ा धीमा हो गया। जिसमें दोपहर 1 बजे तक पूरे जनपद में 39.25 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं पूरे लोकसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 40.20 रहा। वहीं दोपहर 3 बजे तक जनपद बांदा का मतदान प्रतिशत 47.27 रहा तो लोकसभा क्षेत्र का प्रतिशत 48.65 रहा। इसी प्रकार शाम पांच बजे पूरे लोकसभा क्षेत्र में 57.3 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं जनपद बांदा में शाम पांच बजे तक 56.76 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार यदि विधानसभा वार शाम पांच बजे तक देखा जाये तो नरैनी में 58.11 प्रतिशत, बांदा में 57.61 प्रतिशत, बबेरू 56.7 प्रतिशत, चित्रकूट में 58.79 प्रतिशत व मानिकपुर में 55.74 प्रतिशत रहा। वहीं जनपद बांदा में 59.46 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार यदि विधानसभा वार देखा जाये तो नरैनी में 60.51 प्रतिशत, बांदा में 60.05 प्रतिशत, बबेरू 59.23 प्रतिशत, चित्रकूट में 60.55 प्रतिशत व मानिकपुर में 56.90 प्रतिशत रहा।

पूर्व मंत्री ने किया मतदाधिकार का प्रयोग

पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने हर बार की तरह इस बार भी अपने गृह जनपद में पहुंचकर अपने मतदान केन्द्र आदर्श बजरंग इण्टर कालेज में मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सुबह 10.30 बजे मतदान स्थल में पहुंचर कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी की।

भाजपा सरकार पर नसीमुद्दीन ने साधा निशाना

मतदान करने के बाद मीडिया से मुखाबित हुए पूर्व काबीना मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने केन्द्र व प्रदेश के भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हरकोई परेशान है। महंगाई अपने चरम सीमा पर पहुंच गई। युवाओं को बेरोजगारी का दंश झेलना पड़ रहा है। सरकार द्वारा आम जनता के के साथ लगातार छलावा किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि केन्द्र में पूर्ण बहुमत से इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। साथ ही बताया कि 4 जून को उनका जन्मदिवस है, उसी दिन मतगणना भी होना है। उनको सरकार बनाने व जन्मदिन की दोहरी खुशी इस दिन मिलेगी।इसके अलावा उन्होंन कहा कि उनकी सरकार बनने पर बेरोजगारों को रोजगार के अवसर निश्चित ही प्राप्त होंगे। जनपद में अधूरे रह गये विकास कार्यों को फिर से रफ्तार मिलेगी।

मतदाता सूची में नाम न होने से परेशान हुए लोग

मतदाता सूची में बहुत से लोगों के नाम न होने से लोग अपने मताधिकार का प्रयोग नही कर पाये। वहीं लोगों ने मतदाता सूची में नाम गायब होने पर रोश देखने को मिला। लोगों ने बताया कि पिछली बार विधानसभा चुनाव में उनका नाम सूची में था लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते उनके नाम मतदाता सूची से गायब हो गये। जिह वजह से वह अपने मताधिकार का प्रयोग नही कर पाये। इस लोगों के खासा रोस देखने को मिला।

युवाओं में मतदान को लेकर दिखा उत्साह

पहली बार मतदान करने आये युवाओं में मतदान को लेकर कुछ ज्यादा ही उत्साह देखने को मिला। मतदान करने के बाद लोगों में मतदान केन्द्र के बाहर बने सेल्फी प्लवाइंट में सेल्फी लेने की होड़ मची रही। यही वजह थी कि लोगों की सुबह से लंबी-लंबी कतारे में मतदान केन्द्रों में देखने को मिलीं। पहली बार मतदान करने आयीं डीएवी कालेज में मतदाता निशात आरिफ ने बताया कि पहली बार मतदान करने का अवसर प्राप्त होने पर उनको बहुत ही अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने वाली सरकार बने तो देश का विकास निश्चित ही होगा।

पानी को तरसते रहे मतदाता

मतदान केन्द्रों में जलसंस्थान की लापरवाही खुलेआम देखने मिली। जहां पर ज्यादातर मतदान केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था न होने से लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ा। भीषण गर्मी में मतदान के लिए कतारों मे लगे लोगों पेयजल की समस्या से दो चार होना पड़ा।

देर रात तक चलता रहा ईवीएम जमा होने का सिलसिला

मतदान कराने के बाद अपने-अपने पोलिंग स्टेशनों से मण्डी समिति में स्थित मतगणना स्थल में संगीनों के साये में ईवीएम मशीनों को जमा कराने का सिलसिला देर शाम से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। ईवीएम जमा करने के बाद मतदान कर्मियों ने राहत की सांस ली। शहर के मदतान कर्मी को ईवीएम जमा करके जल्दी ही फर्सत हो गये। उधर दूर दराज के मतदान कर्मी काफी देर रात तक मतदान कराने के बाद ईवीएम मशीनों को जमा कराने के लिए जुटे रहे।

मतदाता पर्ची ने मिलने लोग हुए परेशान

मतदाता पर्चीया न मिलने से मतदाता रहे परेशान। इधर-उधर बस्तों में पर्चियों के लिए भटकते रहे मतदाता। पर्चियां न मिलने से कई मतदाता वापस अपने घर को लौट गए।

सुबह मतदान स्थल पर लंबी लाइन देखी गई मगर दोपहर मेंभीषण लू के थपेड़ों के बीच मतदान केंद्रों में सन्नाटा छा गया। शाम 3 बजे के बाद दोबारा मतदान केंद्रों में लाइन देखी गई।

55 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत तक हुआ मतदान

वोटर लिस्टो मे गड़बड़ी पाये जाने के कारण सैकड़ो लोग मतदान करने से हुए वंचित

महोबा । लोकतंत्र के महापर्व को मतदाताओ ने बढ़ चढ़कर अपनी भागेदारी अर्जित की है। किसी- किसी मतदान बूथ पर 50 प्रतिशत तो किसी पर 56 तो किसी मतदान केन्द्र पर 69 तथा कुछ मतदान केन्द्रो पर 60 प्रतिशत तक मतदान होने की खबर है।

लोकसभा चुनाव के पाँचवें चरण मे हुए मतदान मे छुटपुट घटनाओ को छोड़ शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। सुबह 7 बजे से ही मतदान केन्द्रो पर मतदाताओ की आवक शुरू हो गयी थी और इस विपरीत मौसम मे भी मतदाताओ ने चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। सुबह 9 बजे तक महोबा मे 14 प्रतिशत तथा चरखारी मे 12 प्रतिशत तक मतदान हो चुका था तथा 11 बजे तक महोबा 28 और चरखारी मे 27 प्रतिशत तथा दोपहर डेढ़ बजे तक महोबा मे 41.37 प्रतिशत एवं चरखारी मे 40.32 प्रतिशत मतदान हुआ है। दोपहर साढ़े 3 बजे तक महोबा मे 48.63 प्रतिशत और चरखारी मे 49.9 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इसके बाद साढ़े 5 बजे तक महोबा मे 57.67 प्रतिशत एवं चरखारी मे 57.61 प्रतिशत तक मतदान हो सका। शाम 6 बजे के बाद भी मतदान केन्द्रो मे लम्बी कतार लगी हुई थी। माना जा रहा है कि 60 प्रतिशत तक मतदान होने की सम्भावनाएं है। किसी- किसी बूथ मे 7 बजे तक मतदान होने की सम्भावना होने से इंनकार नही किया जा सकता है। सुबह से ही मतदान केन्द्रो पर मतदाताओ की टोलियों मे आवाजाही शुरू हो गयी थी अपरान्ह 11 बजे तक मतदाताओ ने मतकेन्द्रो पर पहुँचकर बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया था तथा 11 बजे से 4 बजे तक मतदान की गति भूख के कारण धीमी पड़ गयी थी। सुर्यदेव का तेज कम होते ही 4 बजे के बाद मतदान केन्द्रो पर पुन: मतदाताओ की कतारे लगना शुरू हो गयी थी। वोटर लिस्टो मे अत्यन्त गड़बड़ी पाये जाने पर सैकड़ो मतदाता मतदान करने वे वंचित रहे है।

मिली जुली खबरो के अनुसार विकासखण्ड कबरई के लिलवाही गांव मे कुल मतदाताओ की संख्या 997 के सापेक्ष अपरान्ह 2 बजे तक 186 पुरूष एवं 128 महिलाओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी क्रम मे ग्राम तमौरा मे कुल वोटिंग 1200 मतदाताओ की की है जिसमे अपरान्ह 1 बजे तक 400 वोट पड़े चुकें थे इस पोलिंग बूथ पर 55 प्रतिशत तक मतदान होने की सम्भावना है। वही कुलकुआं गांव मे मतदाताओ की संख्या 834 के सापेक्ष 459 पुरूष व 375 महिलाओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसका 46 प्रतिशत रहा। ग्राम खिरूही मे 779 मतदाताओ के सापेक्ष 296 वोट अपरान्ह 2 बजे तक डल चुके थे जिनमे पुरूष 160 व महिलाएं 136 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वही ग्राम अटघार ने बूथ संख्या मे कुल मतदाताओ की संख्या 838 के सापेक्ष अपरान्ह 3 बजे तक 326 महिला व पुरूषो ने 179 पुरूष व 149 महिलाओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बूथ संख्या 2 मे 662 मतदाताओ के सापेक्ष 3 बजे तक 277 महिला व पुरूषो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वही मौदहा विकास खण्ड के नायकपुरवा (इचौली) मे बूथ 454 मे कुल मतदाता 1101 के सापेक्ष 444 महिलाओ व पुरूषो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसका प्रतिशत 47 प्रतिशत रहा। वही बूथ संख्या 453 मे कुल 1085 मतदाताओ के सापेक्ष समय लगभग 2 बजे तक 685 मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मौदहा विकास खण्ड के इचौली गांव के बूथ संख्या 451 मे 1103 मतदाताओ के सापेक्ष 454 महिलाएं व 549 पुरूषो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह बूथ संख्या 452 मे 1005 मतदाताओ के सापेक्ष 455 पुरूष व 539 महिलाओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय रतवा मे कुल 656 मतदाताओ के सापेक्ष 334 महिला व पुरूषो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय खन्ना मे बूथ संख्या 256, 1356 मतदाताओ के सापेक्ष अपरान्ह 1 बजे तक 391 महिला व पुरूषो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वही विकासखण्ड ग्योड़ी मे 1260 मतदाताओ के सापेक्ष 450 महिलाओ ने दोपहर 11 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया वही ग्राम परसहा मे 880 के सापेक्ष 209 पुरूष व 182 महिलाओ ने 44.43 प्रतिशत वोट डाले। वही दूसरी ओर बूथ संख्या 189 मे 836 मतदाताओ के सापेक्ष 371 महिला व पुरूषो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वही ग्राम पिड़ारी मे बूथ संख्या 191 मे 798 कुल वोटो के सापेक्ष 435 महिलाओ व पुरूषो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वही भारतीय जूनियन हाई स्कूल गहरा मे बूथ संख्या 170 मे 1276 कुल मतदाताओ के सापेक्ष महिला व पुरूषो ने 4 बजे तक 612 पुरूषो व महिलाओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार बूथ संख्या 169 मे 1240 मतदाताओ के सापेक्ष 693 महिला व पुरूषो ने सांयकाल साढ़े 4 बजे तक 52 प्रतिशत वोट डाले।

दिगम्बराचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित

हाइकु

ज्ञानांश सम्यक्, ज्ञान चढ़ा हीरा का, प्रकाशक ही। आवार्य- जैसे ज्ञान चढ़ा हीरा अति चमकदार हो जाता है और अपनी चमक से दूसरों को भी आकर्षित करता है। उसी प्रकार आठ अंगो से पुष्ट, निर्दोष सम्यग्दर्शन अनेक दुर्लभ गुण रूपी चमक से जगत् को प्रभावित या आकर्षित करता है।

सम्पादकीय

अर्थव्यस्था में भारत का योगदान

वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है। परंतु, अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल सम्भावना है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मुख्य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है। वर्ष 1947 में जब भारत ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी उस समय वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 3 प्रतिशत तक नीचे पहुंच गया था क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पहिले अरब से आए आक्राताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने बहुत नुक्सान पहुंचाया था एवं भारत को जमकर लूटा था। वर्ष 1947 के बाद के लगभग 70 वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के योगदान में कुछ बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आ पाया था। परंतु, पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में लगातार मजबूत होते लोकतंत्र के चलते एवं आर्थिक क्षेत्र में लिए गए कई पारदर्शी निर्णयों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं। आज भारत इस स्थिति में पहुंच गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में अपने योगदान को लगभग 18 प्रतिशत के आसपास एवं एशिया के अन्य देशों यथा चीन, जापान एवं अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में एशियाई देशों के योगदान को 60 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होता दिखाई दे रहा है।

भारत आज अमेरिका, चीन, जर्मनी एवं जापान के बाद विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। साथ ही, भारत आज पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में तो भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना बन रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रही है, अक्टोबर-दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही में तो आर्थिक विकास दर 8.4 प्रतिशत की रही है। इस विकास दर के साथ भारत के वर्ष 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की प्रबल सम्भावना बनती दिखाई दे रही है। केवल 10 वर्ष पूर्व ही भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और वर्ष 2013 में मोर्गन स्टैनली द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार भारत विश्व के उन 5 बड़े देशों (दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, टर्की एवं भारत) में शामिल था जिनकी अर्थव्यवस्थाएं नाजुक हालत में मानी जाती थीं।

आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार तेज वृद्धि आंकी जा रही है, जिससे भारत के वित्तीय संसाधनों पर दबाव कम हो रहा है और भारत पूंजीगत खर्चों के साथ ही गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए वित्त की व्यवस्था आसानी से कर पा रहा है। केंद्र सरकार के बजट में न केवल वित्तीय घाटा कम हो रहा है बल्कि आने वाले समय में केंद्र सरकार को अपने सामान्य खर्च चलाने के लिए ऋण लेने की आवश्यकता भी कम पड़ने लगेगी। दूसरे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत लगातार स्थिर बनी हुई है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास भी बढ़ रहा है और भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है। तीसरे, भारत में मुद्रा स्फीति पर भी तुलनात्मक रूप से नियंत्रण पाने में सफलता मिली है। अन्य देश अभी भी मुद्रा स्फीति की समस्या से जूझ रहे हैं। आर्थिक क्षेत्र में उक्त कारकों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावनाएं बनी रहेंगी। इसके ठीक विपरीत, जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर या तो मंदी के दौर से गुजर रहीं हैं अथवा विकास दर बहुत कम अर्थात एक-दो प्रतिशत से भी कम बनी हुई है।

भारत के स्टील उद्योग, सिमेंट उद्योग एवं ऑटोमोबाइल निर्माण के क्षेत्र ने 10 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल कर ली है। डिजिटल आधारभूत ढांचे के निर्माण के क्षेत्र में तो भारत विश्व गुरु बन गया है और इससे आज भारत में 13400 करोड़ से अधिक के डिजिटल व्यवहार हो रहे हैं जो पूरे विश्व के डिजिटल व्यवहारों का 46 प्रतिशत है। जन-धन योजना के अंतर्गत खोले गए 50 करोड़ से अधिक बैंक खातों में आज 2.32 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा हो चुकी है, जो देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रही है। वर्ष 2013-14 से वर्ष 2022-23 के दौरान मुद्रा स्फीति की औसत दर 5 प्रतिशत की रही है जो वर्ष 2003-04 से वर्ष 2013-14 के दौरान औसत 8.2 प्रतिशत की रही थी। मुद्रा स्फीति कम रहने का सीधा लाभ देश के गरीब वर्ग को मिलता है। साथ ही, अब तो आर्थिक विकास के साथ ही भारत में रोजगार के भी पर्याप्त अवसर निर्मित होने लगे हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत में वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के दौरान 51.4 करोड़ व्यक्ति वर्ष के नए रोजगार निर्मित हुए हैं। इसमें केंद्र सरकार द्वारा किये गए सीधे प्रयासों के चलते 19.79 करोड़ व्यक्ति वर्ष के रोजगार के अवसर भी शामिल हैं। शेष 31.61 करोड़ व्यक्ति वर्ष रोजगार के अवसर अपने व्यवसाय प्रारम्भ करने के उद्देश्य से बैंकों से लिए गए ऋण के चलते निर्मित हुए हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा उक्त प्रतिवेदन 80 संस्थानों पर की गई रिसर्च (केस स्टडी) के आधार पर जारी किया गया है। सूक्ष्म एवं लघु स्तर के ऋण लेने वाले व्यक्तियों ने रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए हैं। इस प्रतिवेदन के अनुसार औसतन प्रत्येक सूक्ष्म संस्थान 6.6 रोजगार के नए अवसर निर्मित करता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक के बाद अब मूडीज ने भी भारत में आर्थिक विकास के संदर्भ में बताया है कि आने वाले कुछ वर्षों तक भारत की आर्थिक विकास दर विश्व में सबसे अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावना बनी रहेगी। इस प्रकार, एक के बाद एक विभिन्न वैश्विक आर्थिक संस्थान भारत में आर्थिक विकास दर के मामले में अपने अनुमानों को लगातार सुधारते/बढ़ाते जा रहे हैं। इस प्रकार, आगे आने वाले समय में भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान भी लगातार बढ़ता जाएगा और सम्भव है कि कालचक्र में ऐसा परिवर्तन हो कि भारत एक बार पुनः वैश्विक स्तर पर अपने आर्थिक योगदान को 32 प्रतिशत के स्तर तक वापिस ले जाने में सफल हो।

सपने में दिखें ये चीजें तो समझिए चमकने वाली है किस्मत, मां लक्ष्मी कर देंगी मालामाल

अन्नया मिश्रा

सपनों के शास्त्र को स्वप्न शास्त्र कहा जाता है। हम आपको सपने में दिखाई देने वाली कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके दिखने का अर्थ है कि आपका अच्छा समय शुरू होने वाला है।

सपनों की भी अपनी एक दुनिया होती है। सपनों के शास्त्र को स्वप्नशास्त्र कहते हैं। सपने में दिखाई देने वाली वस्तुएं या घटनाएं भविष्य के बारे में कुछ न कुछ संदेश देती हैं। सपनों में मिलने वाले संदेश शुभ या अशुभ हो सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिये हम आपको सपने में दिखाई देने वाली कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके दिखने का अर्थ है कि आपका अच्छा समय शुरू होने वाला है।

सपने में दिखे ये जानवर

यदि आपको सपने में हाथी दिखाई देता है तो इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपको धन, ऐश्वर्य और सम्मान की प्राप्ति होने वाली है। सपने में मछली देखना या खुद मछली को पकड़ने का अर्थ है कि माता लक्ष्मी आप पर मेहरबान होने वाली हैं। इसके अलावा सपने में सांप दिखाई देता है, तो जल्द ही आपके अच्छे दिन शुरू होने वाले हैं।

सपने में दिखे बांसुरी

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि भगवान श्री कृष्ण को बांसुरी अतिप्रिय है। ऐसे में सपने में बांसुरी दिखती है, या आप खुद को बांसुरी बजाते देखते हैं, तो इसे एक शुभ संकेत माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के मुताबिक इसका अर्थ है कि आपके जीवन में खुशियां दस्तक देने वाली हैं। सपने में झरना देखने का अर्थ होता है कि आपके जीवन में कुछ बड़ा और अच्छा परिवर्तन होने वाला है।

सपने में ये चीजें दिखना

सपने में खुद को किसी ऊंची दीवार पर बैठे देखना एक शुभ सपना माना जाता है। इसका अर्थ है जल्द ही आपको जीवन में खूब सुख समृद्धि मिलने वाली है। इसके अलावा सपने में सर्कस देखने का अर्थ होता है, आपके जीवन में भौतिक सुखों की वृद्धि होने वाली है।

पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान

ललित गर्ग

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं।

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है।

पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है।

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में हैं।

पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है।

पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।

भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है।

दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उपेक्षित ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं।

इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग 'आर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

पीओके के लोग चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। चूंकि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा, उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये संभव नहीं रहा है, इसलिये बिना मतलब भारत के आक्रमण को झेलने से स्वयं को बचाने के लिये पीओके के लोग भारत में विलय को ही उचित मानते हैं।

पीओके में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिस तरह भारतीय तिरंगा लहराया जा रहा है और भारत में विलय के स्वर उठ रहे हैं, उससे भविष्य में इस विवादित क्षेत्र पर निर्णायक पटकथा लिखे जाने के आसार नजर आ रहे हैं। भारत को पीओके के घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने की जरूरत है, ताकि इससे हमारे सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर न पड़े एवं भविष्य की नीतियों का निर्धारण करने में सुविधा रहे।

धर्म ज्ञान....

महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से दूर होंगे सारे कष्ट

अन्नया मिश्रा

भगवान शिव का प्रिय माह सावन शुरू हो गया है। हिंदू धर्म में भगवान भोलेनाथ को सबसे उच्च स्थान प्राप्त है। इसी कारण इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। महादेव के महामृत्युंजय मंत्र से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर होते हैं।

भगवान शिव को देवों के देव महादेव कहा जाता है। हिंदू धर्म में भगवान भोलेनाथ को सबसे उच्च स्थान प्राप्त है। इन्हें महाकाल भी कहा जाता है। क्योंकि भगवान शिव की कृपा से बड़ा से बड़ा संकट या काल भी किसी व्यक्ति का कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। शास्त्रों में भगवान भोलेनाथ के कई ऐसे चमत्कारिक मंत्रों का उल्लेख मिलता है। इन्हीं मंत्रों में एक मंत्र महामृत्युंजय मंत्र भी है। इस मंत्र का जाप कर व्यक्ति रोगमुक्त, भयमुक्त और अकाल मृत्यु से खुद को दूर रख सकता है। इस मंत्र का जाप करने से भगवान शिव काफी प्रसन्न होते हैं।

बता दें कि इस मंत्र का वर्णन यजुर्वेद में भी मिलता है। संस्कृत में महामृत्युंजय मंत्र का उल्लेख मृत्यु को जीतने वाला हो। भगवान भोलेनाथ की स्तुति के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जाता है।

शिवपुराण के मुताबिक महामृत्युंजय मंत्र के जाप से संसार के सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए महामृत्युंजय मंत्र का हिंदी अर्थ और इसके महत्व और जाप विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

महामृत्युंजय मंत्र

त्र्यंबकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥

महामृत्युंजय मंत्र का हिंदी अर्थ

इस मंत्र का हिंदी में अर्थ इस प्रकार से है- कि इस जगत के पालनहार, तीन नेत्रों वाले भगवान शंकर की हम स्तुति करते हैं। पूरे संसार में सुगंध फैलाने वाले भगवान शिव हमें मृत्यु के बंधन से मुक्ति प्रदान करें। जिससे कि हम मोक्ष की प्राप्ति कर सकें।

कब और कैसे करें इस मंत्र का जाप

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सवा लाख बार इस मंत्र का जाप करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति इस मंत्र का सवा लाख बार जाप नहीं कर सकता है तो वह 108 बार महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर सकता है। सावन के महीने में इस मंत्र का जाप करना बेहद कल्याणकारी माना जाता है। अगर आप सावन के इतर इस मंत्र का जाप करना चाहते हैं तो इसकी शुरूआत सोमवार से करें। इस मंत्र का जाप करने के लिए रुद्राक्ष की माला का प्रयोग करना चाहिए।

महामृत्युंजय मंत्र के फायदे

महामृत्युंजय मंत्र के प्रभाव से व्यक्ति को अकाल मृत्यु का भय नहीं होता है।

इस मंत्र के जाप से भगवान शिव-शंकर प्रसन्न होते हैं और जातक को कष्टों से मुक्ति मिलती है।

इस मंत्र के जाप से रोगों का नाश होता है।

महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से व्यक्ति को धन-धान्य की कमी नहीं होती है।

मेष राशि वाले नौकरी-व्यापार में करना चाहते हैं तरक्की, तो मंगलवार को जरूर करें ये उपाय

अन्नया मिश्रा

व्यक्ति को अपनी राशि के स्वामी ग्रह की चाल को देखकर उसकी शान्ति के उपाय करना चाहिये। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेष राशि के जातकों को नौकरी और व्यापार में तरक्की के लिए किन मंत्रों का जाप करना चाहिये।

हिन्दू धर्म में किसी न किसी ग्रह से हमारे जीवन का संबंध होता है। ग्रह की दिशा और दशा के आधार पर व्यक्ति को कुछ उपाय करने चाहिये। जिससे व्यक्ति को शुभ फल की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, हर ग्रह का किसी न किसी राशि से संबंध होता है। वह ग्रह उस राशि का स्वामी होता है। स्वामी ग्रह की दशा और दिशा का शुभ व अशुभ प्रभाव उस राशि पर पड़ता है।

ऐसे में व्यक्ति को अपनी राशि के स्वामी ग्रह की चाल को देखकर उसकी शान्ति के उपाय करना चाहिये। आज इस आर्टिकल के जरिये हम आपको मेष राशि के स्वामी ग्रह के बारे में बताने जा रहे हैं, साथ ही यह भी जानेंगे कि इस राशि के जातकों को नौकरी और व्यापार में तरक्की के लिए किन मंत्रों का जाप करना चाहिये।

नौकरी में सफलता के लिए करें मंत्र जाप

मंगल ग्रह मेष राशि के जातकों का स्वामी होता है। मेष राशि के जातकों को अपने ग्रह के अनुसार ही नौकरी चुनना चाहिये। इस राशि के जातकों के लिए मिलिट्री और इंजीनियरिंग जैसी नौकरी अच्छी होती है। नौकरी में सफलता पाने के लिए मेष राशि के जातकों को मंगलवार के दिन हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिये, इसके साथ ही पूरे नियम के अनुसार बजरंगबाण का पाठ करना चाहिये। इन उपायों को करने से नौकरी में सफलता के योग मिलते हैं।

मंगलवार को इतनी बार करें इस मंत्र का जाप

ओम नमो हनुमते रूद्रावताराय पंच वदनाय। पूर्वमुखे सकल शास्त्र विचक्षणाय रामदूताय नमः।

व्यापार में तरक्की के लिए मंत्र

व्यापार में किसी भी तरह की परेशानी आने पर मेष राशि के जातकों को मंगलवार के दिन सूर्योदय से पहले हनुमान मंदिर जायें। फिर आम के पत्तों पर श्रीराम लिखकर हनुमान जी को चढ़ाना चाहिए। इसके बाद मंदिर में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ जरूर करें।

इस बीज मंत्र का जाप करें मेष राशि के लोग

व्यापार में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए इस बीज मंत्र का जाप जरूर करना चाहिये।

क्लीं सौः।

सफलता प्राप्ति के लिए शनि चालीसा का ऐसे करें पाठ

मेष राशि के जातकों को शनिवार के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना चाहिये और शनि मंदिर में जाकर पूजा करनी चाहिये। सरसों का तेल चढ़ाकर शनि चालीसा का पाठ करने से शनि देव प्रसन्न होते हैं। ऐसा करने से नौकरी में सफलता प्राप्त होती है साथ ही व्यापार में आ रही परेशानियां भी दूर हो जाती हैं।

केयरिंग स्वभाव के होते हैं ऐसी आंखों वाले लोग, आंखों के रंग से पहचानें इंसान का व्यक्तित्व

अन्नया मिश्रा

समुद्र शास्त्र में मानव शरीर के अंगों की संरचना के आधार पर व्यक्ति के व्यक्तिगत जीवन के बारे में बहुत सी चीजों के बारे में पता लगाया जा सकता है। बता दें कि समुद्र शास्त्र ऋषि समुद्र द्वारा लिखा गया था। इसलिए इसे समुद्र शास्त्र कहा जाता है। इस तरह से समुद्र शास्त्र के जरिए व्यक्ति के आंखों के रंग से भी उसके व्यक्तित्व की कुछ बातें जानी जा सकती हैं। आइए जानते हैं कि आंखों के रंग से उसके व्यक्तित्व के बारे में कैसे जान सकते हैं।

भूरे रंग की आंखें

जिन लोगों के आंखों की पुतली का रंग गहरा भूरा होता है। समुद्र शास्त्र के मुताबिक उनमें जन्म से ही लीडर बनने के गुण पाए जाते हैं। इसी वजह से लोग ऐसे लोगों पर जल्दी विश्वास कर लेते हैं। जिन लोगों की आंखों की पुतली का रंग गहरा भूरा होता है, वह दयालु स्वभाव के लोग होते हैं और यह लोग सबकी मदद के लिए तैयार रहते हैं।

काले रंग की आंखें

अधिकतर लोगों की आंखों का रंग काला होता है। इसका मतलब है कि यह लोग काफी ज्यादा जिम्मेदार और भरोसेमंद होते हैं। समुद्र शास्त्र के मुताबिक ऐसे लोग धोखा नहीं देते हैं और रहस्यमई किस्म के होते हैं।

हरी रंग की आंखें

हांलाकि हरी रंग की आंखे बहुत कम लोगों की होती हैं। लेकिन हरे रंग की आंखों वाले लोग बुद्धिमान और उत्साहित होते हैं। ऐसे लोग अपने हर काम को बड़े उत्साह के साथ करते हैं।

नीले रंग की आंखें

जिस व्यक्ति की आंखें नीली होती हैं। ऐसे लोग सुंदर और आकर्षक होते हैं। समुद्र शास्त्र के अनुसार, ऐसे लोग शांत और तेज दिमाग के होते हैं। ऐसे लोग हर रिश्ते को पूरी निष्ठा के साथ निभाते हैं।

घर में या आसपास लगा है अशोक का पेड़ तो मिलते हैं गजब के फायद

अन्नया मिश्रा

वास्तु में पेड़ों के बारे में भी काफी कुछ बताया गया है। वास्तु के अनुसार, घर के आंगन में कुछ पेड़ लगाना शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र की मानें तो इन पेड़ों को घर के आसपास भी लगाना शुभ हो सकता है। घर में मौजूद हर चीज का संबंध वास्तु से होता है। घर के बाहर या आसपास मौजूद चीजों से भी वास्तु का नाता माना जाता है। वास्तु में पेड़ों के बारे में भी काफी कुछ बताया गया है। वास्तु के अनुसार, घर के आंगन में कुछ पेड़ लगाना शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र की मानें तो इन पेड़ों को घर के आसपास भी लगाना शुभ हो सकता है। बता दें कि घर में अशोक का पेड़ लगाने से इसके कई तरह के फायदे नजर आते हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको घर में या घर के आसपास अशोक का पेड़ लगाए जाने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अशोक के पेड़ का महत्व

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर के आंगन में अशोक का पेड़ लगाने से सकारात्मक ऊर्जा संचालित होती है।

अशोक के पेड़ को शोक नाशक बताया गया है। यह पेड़ घर पर आने वाले संकट को दूर करता है।

अशोक के पेड़ को लगाने की सबसे अच्छी दिशा उत्तर दिशा मानी जाती है। अशोक के पत्तों का इस्तेमाल पूजा-पाठ या मांगलिक कार्यों में करने से वास्तु दोष दूर होता है। घर में मौजूद कैसा भी वास्तु दोष अशोक के पेड़ के प्रभाव से नष्ट हो जाता है।

अशोक का पेड़ घर में लगाने के लाभ

वास्तु के मुताबिक घर में अशोक का पेड़ लगाने से तमाम तरह की शारीरिक परेशानियों का अंत होता है।

अशोक के पेड़ के शुभ प्रभाव से व्यक्ति को मानसिक शांति प्राप्त होता है और तनाव से मुक्ति मिलती है।

असलहा बनाने की फैक्टरी पकड़ी, दो गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस ने असलहा बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। 12 तमंचे और 15 कारतूस के साथ दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

गुरुवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह व शिवरामपुर चौकी प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी ने रैपुरवा मोड़ के पास पहाड़ के नीचे बने गड्ढे के आसपास घेराबंदी की। वहां से गांव के धनराज पटेल और बांदा जिले के बबेरू हाल मुकाम मंदाकिनी भवन सीतापुर के प्रिंस सोनी को पकड़ा। मौके से अवैध शस्त्र बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया। यहां से दस तमंचे, दो अद्धबने तमंचे, 15 कारतूस, ड्रिल, ग्राइंडर मशीन, पांच नाल, एक देशी बंदूक बरामद हुए हैं। एसपी ने बताया कि असलहों को लोकसभा चुनाव के दौरान अराजक तत्वों को सप्लाई करने की योजना पर पूछताछ की जा रही है। वैसे अभी तक इसके संकेत नहीं मिले हैं। यह सब आसपास के जिलों में असलहे बेचकर मोटी रकम कमाते थे। दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है।

जानलेवा हमले में पिता-पुत्र समेत चार को सजा

चित्रकूट। ज्योतिषाचार्य के बेटे को घर से घसीट कर जान से मारने की कोशिश के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला जज ने पिता, पुत्र समेत चार आरोपियों को सात-सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 10500 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

गुरुवार को जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि शहर के शंकर बाजार निवासी पंडित नारायण दत्त त्रिपाठी ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी ने कहा था कि बीती 25 फरवरी 2022 की शाम को वह अपने शिष्य विर्तेद्र के साथ कर्वी के शंकर बाजार स्थित आश्रम से गोकुलपुरी स्थित आवास आए। यहां उनके बेटे अनुज त्रिपाठी पर घर के अंदर गोकुलपुरी निवासी हर्षित पटेल, गुम्मा उर्फ जय सिंह, उसका पिता जय प्रकाश उर्फ रिंकू व मुलायम नगर निवासी पारस वर्मा आदि कई हमलावर चाकू और डंडों से जानलेवा हमला कर रहे थे। इससे अनुज खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर कर तड़पने लगा।

इस दौरान अनुज की मां को हमलावरों ने गालीगलौज करते हुए एक कमरे में बंद कर दिया। पुत्र को बचाने के लिए घर के अंदर घुसने पर हमलावरों ने ज्योतिषाचार्य और उनके शिष्य पर भी हमला कर दिया। साथ ही रुपयों से भरा बैग व आश्रम की चाभी भी छीन ले गए। जाते समय हमलावर आवाज उठाने पर पूरे परिवार का खात्मा करने की धमकी देते रहे। घटना के बाद अस्पताल पहुंचने पर गंभीर हालत के चलते डॉक्टर ने घायलों को लखनऊ रेफर कर दिया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की प्रभावी और त्वरित पैरवी के चलते घटना के बाद से मुख्य आरोपी पारस वर्मा अभी तक जमानत न होने के कारण जेल में बंद हैं। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर गुम्मा उर्फ जय सिंह, उसके पिता जय प्रकाश उर्फ रिंकू, पारस वर्मा और हर्षित पटेल को सात-सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

सोने के बिस्किट का लालच देकर महिला से लूटे जेवर-नकदी

आगरा कासगंज। ससुराल से मायके जा रही महिला को रास्ते में तीन लोगों ने सोने का बिस्किट देने का लालच देकर लूट लिया। लुटेरे महिला से दस हजार रुपये के साथ जेवरात आदि लूट कर साथ ले गए। महिला ने कासगंज कोतवाली में तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए नामजद तहरीर दी है।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। तहरीर के अनुसार, थाना ढोलना थाने के चिनौना गांव निवासी विजय देवी पत्नी महावीर सिंह 5 मई को ससुराल से मायके तिलसई खुद जा रहीं थीं। रास्ते में बारहद्वारी के पास उन्हें एक युवक ने रोक लिया और सोने के बिस्किट में हिस्सा देने का लालच देकर अपनी बातों में फंसा लिया। इसके बाद युवक उसे लेकर आवास विकास में टंकी के पास पहुंचा।

महिला का आरोप है कि यहां तीन युवक मौजूद थे, जिन्होंने उसकी जंजीर, कुंडल, पायल, बाली, अंगूठी, कुंदनी और 10 हजार रुपये लूट लिए और उसे नकली सोने का बिस्किट थमा दिए। इस मामले में पीड़िता ने तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। न ही किसी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने इस मामले में राज्य महिला आयोग को भी पत्र लिखा है। सीओ सदर अजीत सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दो आरोपियों को चिह्नित किया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

पीएम बोले: भारत 1000 साल के लिए सशक्त हो मोदी इसकी नींव रख रहा है, मोदी रहे न रहे देश रहेगा

इटावा। प्रधानमंत्री मोदी आज इटावा में जनसभा करेंगे। इटावा के अलावा मैनपुरी, कन्नौज और फर्रुखाबाद की लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों के पक्ष को मजबूत करने का काम करेंगे।

सपा पर कसा तंज

कोरोना में भी उन्होंने झूठ बोलना नहीं छोड़ा। खुद चुपचाप टीके लगवाए, लेकिन नहीं लगवाने की बात कहकर पैनिक फैलते थे। सपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये पार्टी या तो अपने वोट बैंक का फायदा करती है या अपने परिवार का।

सपा-कांग्रेस को बताया झूठा

चाय वाले ने कुप्रथा खत्म कर दी कि कोई राजा है। गरीब का बेटा भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बन सकता है। उन्होंने सपा कांग्रेस को झूठा बताया। कहा कि यह सिर्फ अपना फायदा देख रहे।

गरीबों को मिला इलाज और राशन है मोदी की विरासत

कहा कि विकसित का मतलब आपके बच्चों का भविष्य, आपके बच्चों का रोजगार। यही तो मोदी की विरासत है। कोई कन्नौज, मैनपुरी, कोई रायबरेली, अमेठी को अपनी विरासत बता रहा है। मोदी की विरासत गरीबों को मिला इलाज और राशन है।

सपा-कांग्रेस पर किया हमला

कहा कि भारत 1000 साल के लिए सशक्त हो मोदी इसके लिए नींव रख रहा है। मोदी रहे न रहे देश रहेगा। ये सपा-कांग्रेस वाले अपने और अपने परिवार में चुनाव लड़ रहे हैं। कहा कि मोदी और योगी खप क्यों रहे। हमारे तो बच्चे हैं नहीं। ये मोदी आपके बच्चों के लिए जीवन खपा रहा।

सीतला माता की जयः मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आने में देरी के लिए माफी मांगता हूं। इटावा, कन्नौज और मैनपुरी के लोगों को राम राम। 2019 से पहले का जिक्र किया। बोले कि मुलायम सिंह सदन में खड़े होकर कहा था कि मोदी जी आप 2019 में जीतकर आ रहे हैं। आज नेता जी हमारे बीच नहीं रहे है, लेकिन उनके भाई भाजपा को जिता रहे हैं। दिल की बात सामने आ गई है। आपने मेरी मेहनत, ईमानदारी देखी है।

मंच पर 45 लोगों के बैठने की व्यवस्था, आठ फीट ऊंचा बनाया मंच

मंच को आठ फीट ऊंचा और 32 फीट चौड़ा बनाया गया है। इस पर लगभग 45 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। मंच पर प्रधानमंत्री के अलावा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलावती, इटावा के जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत समेत कन्नौज और मैनपुरी के जिलाध्यक्ष, तीनों लोकसभाओं के लिए प्रत्याशी प्रो. रामशंकर कठेरिया, जयवीर सिंह और सुब्रत पाठक भी उपस्थित रहेंगे। जनसभा स्थल भरथना का ढकपुरा गांव कन्नौज, मैनपुरी की सीमा से लगता है और इटावा सीट से प्रत्याशी प्रोफेसर रामशंकर कठेरिया के पैतृक गांव नगरिया सरावां के पास है। रविवार को जनसभा से प्रधानमंत्री इटावा के साथ ही कन्नौज, मैनपुरी और फर्रुखाबाद की लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों के पक्ष में मजबूती देने का काम करेंगे। जनसभा को लेकर शनिवार को दिनभर तैयारियां पुख्ता की जाती रहीं।

भारत 1000 साल के लिए सशक्त हो मोदी इसकी नींव रख रहा है, मोदी रहे न रहे देश रहेगा

सपा के गढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार जनसभा को संबोधित करेंगे। भरथना कस्बे में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास ढकपुरा गांव में तीन संसदीय सीटों के लिए प्रस्तावित जनसभा में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जनसभा स्थल पर जिले के अलावा मैनपुरी, फर्रुखाबाद व कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के लोग भी पहुंचेंगे। इटावा लोकसभा क्षेत्र में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुंकार भरेंगे।

मायावती बोलीं- नहीं भरा गया नौकरियों में आरक्षण का कोटा

केंद्र और प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

बांदा। अतर्रा कस्बे के हिंदू इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा और भाजपा दोनों ब्राह्मण विरोधी हैं। जनता को मुफ्त का राशन मोदी जी जेब से नहीं, बल्कि जनता के टैक्स से ही दे रहे हैं।

बांदा जिले में अतर्रा के हिंदू इंटर कॉलेज में चुनावी जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा अभी तक नहीं भरा गया है। इसी तरह अखिलेश यादव भी दलित, अति पिछड़ों और आदिवासियों के खिलाफ हैं।

मोदी पर कटाक्ष करते हुए कि वह सिर्फ पूंजीपतियों को ही मालामाल कर रहे हैं, गरीबों की उनको कोई फिक्र नहीं है। जनता को मुफ्त राशन देकर आरएसएस वाले नमक खाने का हवाला देते हुए लोगों पर भाजपा को ही वोट देने का दबाव बना रहे हैं। कहा कि कांग्रेस की तरह भाजपा ने जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है।

उन्होंने भाजपा और इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र को हवा-हवाई बताते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी इसी वजह से घोषणा पत्र नहीं बनाती, पार्टी जो कहती है वह करती है। एक अकेले बसपा को छोड़ सभी दलों ने करोड़ों रुपये का चंदा पूंजीपतियों से वसूला है।

युवाओं को नौकरी मिलेगी, मुस्लिमों का उत्पीड़न रुकेगा

ऐसा सुप्रीम कोर्ट की रिपोर्ट से स्पष्ट है। यदि बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी, तो युवाओं को नौकरी मिलेगी और मुस्लिमों का उत्पीड़न तो रुकेगा ही साथ-साथ जिस तरह पार्टी ने प्रदेश का विकास किया था। उसी तर्ज पर देश को विकास की धारा से जोड़ा जाएगा।

बीमारी में परिवार का साथ न मिलने पर यमुना में कूदा वृद्ध

मथुरा। मथुरा जिले में बीमारी में बच्चों का साथ न मिलने से क्षुब्ध वृद्ध ने यमुना नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की। हालांकि समय रहते हुए नाविकों ने डूबने से पहले ही वृद्ध को यमुना से सुरक्षित निकाल लिया। वृंदावन में केशीघाट के पांटून पुल से शुक्रवार को एक वृद्ध ने यमुना के गहरे पानी में छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग बीमार था और ऐसे में उसे अपने बच्चों का साथ नहीं मिल रहा था, जिससे वह निराश था। हालांकि समय रहते हुए नाविकों ने डूबने से पहले ही वृद्ध को यमुना से सुरक्षित निकाल लिया। इसके बाद वृद्ध के परिजन उसे अपने साथ ले गए। जानकारी के अनुसार, केशीघाट पर मौजूद नाविकों ने जब व्यक्ति को यमुना में कूदते देखा तो आनन-फानन में एक के बाद एक कई गोताखोर पानी में कूद पड़े। नाविक जिंदगी मौत से दूझ रहे वृद्ध को सुरक्षित बचाकर किनारे पर ले आए। इसके बाद जब नाविक बलबीर, गुलाब सिंह ने वृद्ध से यमुना में कूदने का कारण जानना चाहा तो उसकी आपबीती जानकर मौजूद लोग हतप्रभ रह गए।

छटीकरा निवासी वृद्ध गिर्राज सिंह के बताया कि वह पिछले आठ दिनों से बीमार और भूखा है। एक बेटा और छह बेटियों के भरे पूरे परिवार के मुखिया गिर्राज को उसके घर में कोई रोटी देने को तैयार नहीं है। इससे त्रस्त होकर उसने जान देने का प्रयास किया था। गिर्राज सिंह की दो बेटियों की शादी हो चुकी है। फोन पर सूचना देने के बाद वृद्ध का दामाद उसे अपने साथ ले गया।

ज्यादातर हैंडपंप व हाईमास्ट खराब, समस्याओं से जूझेंगे अनुयायी

लखनऊ कटरा (श्रावस्ती)। बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती में 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा मनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए बौद्ध मठ व मंदिरों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं विनियमित क्षेत्र होने के बावजूद यहां आने वाले अनुयायियों को बगैर बिजली-पानी रुकना पड़ेगा।

बुद्ध पूर्णिमा का बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती में विशेष महत्व है। 23 मई को मनाई जाने वाली बुद्ध पूर्णिमा के लिए बौद्ध मठ व मंदिरों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके विपरीत प्रशासनिक उपेक्षा से बौद्ध तपोस्थली में लगे ज्यादातर हैंडपंप खराब हैं। जबकि तपोस्थली को रोशन करने के लिए लगाई गई सोडियम व स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। जिनकी मरम्मत के लिए बौद्ध भिक्षुओं ने कई बार विनियमित क्षेत्र के प्रभारी व एसडीएम इकौना से मांग की पर समस्या दूर नहीं हो पाई। ऐसे में बुद्ध पूर्णिमा पर आने वाले बौद्ध अनुयायियों को बूंद-बूंद पानी की समस्या के साथ अंधेरे में ही मार्ग किनारे रात गुजारनी पड़ सकती है।

छाया में ही रुकते हैं अनुयायी

बुद्ध पूर्णिमा पर पूर्वांचल सहित महाराष्ट्र आदि प्रदेशों से प्रतिवर्ष हजारों बौद्ध अनुयायी श्रावस्ती आते हैं। जो कई-कई दिनों तक तपोस्थली में छायादार स्थान पर टेंट आदि लगा कर रुकते हैं। ऐसे में खराब हैंडपंप व स्ट्रीट लाइटें उनकी समस्या बढ़ा सकती हैं। जिस पर ध्यान न देने से बौद्ध भिक्षुओं में नाराजगी है।

सबसे हुई शिकायत, किसी नहीं सुना दर्द

बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती में रोजाना विभिन्न देशों से अनुयायी आते रहते हैं। जिन्हें अक्सर भ्रमण के दौरान पेयजल की तलाश में भटकना पड़ता है। बौद्ध भिक्षु देवेंद्र ने बताया कि आसपास बाजार न होने से लोग खरीदकर भी पानी नहीं पी पाते हैं। वहीं भिक्षु आनंद सागर बताते हैं कि श्रीलंका मंदिर के सामने लगा हैंडपंप कई माह से खराब है। यही स्थिति कई अन्य स्थानों पर लगे हैंडपंपों की भी है। जिनके खराब होने से यहां आने वाले विदेशी मेहमानों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है। भिक्षु श्रद्धालोक बताते हैं कि तपोस्थली में खराब हैंडपंपों व स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है पर कोई समाधान नहीं हुआ।

विनियमित क्षेत्र में खराब हैंडपंपों के रिबोर कराने की जिम्मेदारी जल निगम की है। जिसे अपने स्तर से समस्या दूर करना चाहिए। बौद्ध भिक्षुओं को जो भी समस्या है उसकी लिखित शिकायत करें। समस्या का समाधान कराया जाएगा।

इकौना-भिनगा मार्ग का बाईपास जर्जर, वाहन चालक परेशान

लखनऊ। इकौना को भिनगा से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग जर्जर है। जगह-जगह मार्ग धंसने व गड्ढा होने के कारण न सिर्फ वाहन चालकों को असुविधा हो रही है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी रहती है। इस पर ध्यान न दिए जाने से वाहन चालक परेशान हो रहे हैं।

इकौना भिनगा मार्ग इकौना नगर से बाईपास मोड़ तक पूरी तरह से जर्जर है। यही स्थिति इकौना बाईपास मार्ग की भी है। जो कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने के साथ ही धंस चुका है।

ऐसे में मार्ग पर बने गड्ढे के कारण जहां भारी वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। वहीं दो पहिया व चौपहिया वाहनों के पलटने का खतरा भी रहता है। देखा जाए तो जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों का नियमित इसी मार्ग से होकर इकौना तहसील व देवीपाटन मंडल मुख्यालय गोंडा आना जाना रहता है। वहीं चुनाव के दौरान प्रेक्षक सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इसी मार्ग से आ जा रहे हैं। इसके बावजूद मार्ग की दशा सुधारने में कोई रुचि नहीं ले रहा है।

इससे स्थानीय निवासियों सहित वाहन चालकों को परेशान होना पड़ रहा है। इस पर ध्यान न देने से स्थानीय निवासियों में नाराजगी देखी जा रही है।

डीजीपी सख्त, लापरवाही पर एसपी सीतापुर से मांगा स्पष्टीकरण, अब एसटीएफ ने संभाली जांच

सीतापुर। सीतापुर हत्याकांड में पुलिस ने शुरुआत में जिस तरफ जांच का रुख मोड़ा अब वह पुलिस के गले की फांस बन गई है। इस मामले में डीजीपी ने सीतापुर एसपी से स्पष्टीकरण मांगा है।

पल्लापुर समूहिक हत्याकांड में डीजीपी ने एसपी सीतापुर से स्पष्टीकरण तलब किया है। पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। सूत्रों के अनुसार एसपी सीतापुर से पूरे मामले की विवेचना में शुरुआत से पुलिस की चूक पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। डीजीपी ने पूछा है कि आखिर इतने संवेदनशील मामले में पुलिस से कहां और क्यों चूक हुई।

पल्लापुर गांव में बीते शनिवार को छह लोगों की हत्या हुई। सूत्रों के अनुसार इसे आरोपी अजीत सिंह ने अंजाम दिया। आरोप है कि उसने अपने भाई का पूरा परिवार एक झटके में ही समाप्त कर दिया। अपनी मां को भी मौत के घाट उतार दिया। इस पूरे मामले में एसपी चक्रेश मिश्र ने शुरुआती जांच में महज चंद लम्हों में ही मृतक अनुराग को मानसिक विक्षिप्त बता दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि पूरा हत्याकांड अनुराग ने ही अंजाम दिया और फिर खुद को गोली मार ली। पुलिस ने यह भी बताया था कि अनुराग ने घटना से पहले शराब का सेवन किया था। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुलिस की थ्योरी को गलत बता दिया।

अब एसटीएफ ने संभाली जांच, हर कमरे की बारीकी से जांच

हत्याकांड की जांच के लिए मंगलवार को एसटीएफ भी पहुंची। एएसपी अमित नागर ने मृतक अनुराग, मां सावित्री, पत्नी प्रियंका और तीनों बच्चों के वजन के हिसाब से पुतले बनाकर पूरा घटनाक्रम दोहराया। 13 मई को भी एसओजी, फॉरेंसिक टीम व आईजी की क्राइम टीम ने क्राइम सीन दोहराया था। उस समय अजीत जांच में सहयोग नहीं कर रहा था। इसी वजह से मंगलवार को क्राइम सीन फिर से दोहराया गया। एसटीएफ ने कड़ी से कड़ी जोड़कर अजीत से सवाल किए।

एसटीएफ के एएसपी के साथ एसपी चक्रेश मिश्र भी गांव पहुंचे थे। उनके साथ भाई अनुराग सहित छह लोगों की हत्या का आरोपी बड़ा भाई अजीत भी था। अजीत जैसे-जैसे घटनाक्रम बताता गया, ठीक उसी तरह एसटीएफ ने घटनाक्रम को दोहराना शुरू किया। वहां मौजूद फॉरेंसिक टीम ने नाप-जोख करने के साथ वीडियोग्राफी कराई। इस दौरान तीनों बच्चों के वजन के बराबर पुतले बनाकर छत से फेंका गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट की चोटों से इसका मिलान किया गया। इसके बाद अजीत व उसकी पत्नी विभा, ताऊ आरपी सिंह और तीनों बच्चों को अस्पताल पहुंचाने वाले पड़ोसी प्रभाकर सिंह को पुलिस टीम महमूदाबाद कोतवाली ले गई। वहां करीब दो घंटे तक सभी से पूछताछ चली।

ताऊ को पुलिस ने फिर हिरासत में लिया

जांच में एसटीएफ के शामिल होने के बाद सभी संदिग्धों से नए सिरे से पूछताछ की गई। इसी क्रम में छोड़े गए अनुराग के ताऊ आरपी सिंह को पुलिस ने मंगलवार को फिर हिरासत में ले लिया। अजीत, चचेरे भाई अशोक व अमित, पत्नी विभा व बच्चों को अस्पताल ले जाने वाले प्रभाकर सिंह, नौकर सर्वेश व विरेश से भी सख्ती शुरू की। प्रभाकर ने ही बताया था कि अजीत ने बच्चों को अस्पताल पहुंचाने के लिए गाड़ी की चाभी नहीं दी थी। इसपर पुलिस ने प्रभाकर और अजीत का आमना-सामना भी कराया।

अमेठी में राहुल बोले:अमेठी का हूं, अमेठी का ही रहूंगा...

अमेठी लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को अमेठी में संयुक्त रूप से जनसभा को संबोधित करते हुए गठबंधन प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के लिए वोट मांगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमेठी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने सेना के लिए अग्निवीर लागू किया है। अगर फिर से सत्ता में आ गए तो पुलिस की नौकरी में भी अग्निपथ योजना लागू हो जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि जब वोट करने जाना तो बेरोजगारी व महंगाई को ध्यान रखना। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को राहुल गांधी के साथ अमेठी में संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

औद्योगिक गलियारे से समृद्ध होगी अमेठी: सीएम योगी

जगदीशपुर (अमेठी)। जगदीशपुर में जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक गलियारे का जिक्र करते हुए हाईवे के निर्माण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। अमेठी के लोग समृद्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय मुद्दों पर जोर दिया। सड़क, बिजली से लेकर हरेक मुद्दे पर फोकस किया। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर राम मंदिर के मुद्दे को लेकर गौरीगंज के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह व रायबरेली के विधायक मनोज पांडेय का जिक्र करते हुए कहा कि इन विधायकों ने एक ऐसा काम किया है, जिस पर इनकी पीढ़ी ही नहीं, पूरा जिला नाज करेगा। यही नहीं, कहा कि पांच साल में जितने दिन स्मृति इरानी यहां आईं हैं, उतने दिन कांग्रेस की पूरी पीढ़ी यहां नहीं पहुंची है।

हेलीकॉप्टर देखने के लिए जुट पड़ी भीड़

मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर जैसे ही आसमान में लोगों ने देखा, वैसे ही लोग भाग कर करीब से देखने के लिए पहुंच गए।

हालांकि पुलिस वहां पहले से मौजूद थी, पुलिस ने पास नहीं जाने दिया, लेकिन दूर से ही लोग हेलीकॉप्टर देखने उमड़ पड़े। जनसभा के बाद हेलीकॉप्टर में सवार होते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों का अभिवादन भी किया।

मातृम बच्चों को गोद लिए सीएम को सुनती रहीं महिलाएं

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने वालों में महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक थी। ग्रामीण क्षेत्र की काफी महिलाएं कार्यक्रम में पहुंची थीं। तमाम महिलाएं तो अपने मासूम बच्चों को गोद में लिए हुए धूप से उन्हें बचाते हुए मुख्यमंत्री के भाषण को बड़े चाव से सुनतीं नजर आईं। कई चलने में मजबूर बुजुर्ग महिलाएं भी वहां पहुंची हुई थी।

सीएम के देर से पहुंचने पर जुटी रही थी भीड़

अपने वक्त से करीब डेढ़ घंटे देरी से मुख्यमंत्री जनसभा स्थल पहुंचे थे। उनके पहुंचने से काफी पहले ही जनसभा पंडाल खचाखच भरा हुआ था। नेताओं के भाषण चल रहे थे। बीच-बीच में देश भक्ति के गीत भी चल रहे थे।

शिद्दत की गर्मी थी। पंडाल के नीचे रुकना काफी मुश्किल हो रहा था। इसके बावजूद लोग डटे रहे। जगदीशपुर कस्बे से लेकर जनसभा स्थल तक आने वालों का तांता लगा रहा। भरी दुपहरी होने के बाद भी लोगों में काफी जोश था।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना

L.No.JHS-ELG-W-T-10-2024-25 Date: 17.05.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से **वरि. मंडल विद्युत अभियंत (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी** द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का विवरण: भाग एः- झाँसी मंडल के डीआरएम कार्यालय में स्थापित डीआरएम सम्मेलन कक्ष का उन्नयन। भाग-बीः झाँसी मंडलः-जेएएस-सीएनबी अनुभाग के विभिन्न स्टेशनों पर विदेश मंत्रालय के अनुसार टैंप किए गए पानी की आपूर्ति का प्रावधान।

निविदा राशिः ₹ 13,68,327/-, **बयाना राशिः** ₹ 27,400 मात्र, **कार्य समापन की अवधिः** 06 माह, **निविदा बंद होने की तिथिः 10.06.2024** (15.00 बजे तक)।

निविदाकार निविदा दिनांक 10.06.2024 को 15.00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें।

883/24 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं. : No. JHS/Commercial/e-Auction/24/15 दिनांक : 17.05.2024

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)- झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

श्रेणी	केटलोग संख्या	एसेट्स डिटेल्स
प्रचार	JHS-ADV-MISC-04	1. झाँसी मण्डल के तीन रेलवे स्टेशन इबरा (DBA), चित्रकूट (CKTD) एवं निवाड़ी (NEW) के अन्दर नॉन डिजिटल माध्यम से वाणिज्य प्रचार का ठेका। 2. झाँसी डिवीजन के रायरू गुप्त शेड में स्टाफ एवं लेबर की सुविधा हेतु रेफेश्मेंट आपूर्ति का ठेका Misllenious Statics पालिसी के अंतर्गत।

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय : दिनांक 03.06.2024 को समय - 10:30 से

ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय : दिनांक 03.06.2024 को समय - 11:30 तक

नोट :- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है।

885/24 (AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

संक्षिप्त समाचार

मुस्करा में महिलाओं ने जोश दिखा कर बूथों में किया मताधिकार

मुस्करा (हमीरपुर)। कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए बूथों में सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई और जैसे ही 10 बजे तो यह लाइन बूथों से गायब होने लगी और इक्का दुक्का मतदान तक सिमट गई। शाम 4 बजे के बाद फिर मतदान केंद्रों में भीड़ जुटने लगी और मतदान समाप्ति तक भीड़ का क्रम बना रहा। पूरे क्षेत्र में मतदाताओं ने शांति के साथ मतदान किया और वोट की चोट करके घरों को लौटकर कामकाज में जुट गए।

कस्बा मुस्करा में राजकीय इंटर कालेज, प्रा वि नवीन, प्रा वि तृतीय व प्राचीन विद्यालय सहित 4 जगहों पर मतदान सम्पन्न हुआ। सुबह के दो घंटे में मतदान में काफी जोश नजर आया 7 से 9 बजे तक मतदान 13 से 14 प्रतिशत तक पहुंच गया। 10 बजे के बाद मतदान की गति धीमी हो गई। दोपहर में पुरुषों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की संख्या ज्यादा नजर आई। महिलाओं के अंदर भी पिछले दो चुनाव की तुलना में बदलाव की आहट सुनाई दी। घूंघट की ओट में रहकर उन्होंने भी बदलाव की बयार को जमकर हवा दी। दोपहर को 1 बजे तक 40 प्रतिशत का आंकड़ा मतदान का पार हो गया। शाम 3 बजे तक यह आंकड़ा बढ़कर 48 प्रतिशत से अधिक पहुंच गया था। मतदान के प्रति सभी वर्गों में काफी उत्साह नजर आ रहा था। युवा बुजुर्ग महिलाएं मतदान के प्रति उत्साहित दिख रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस बल मौजूद रहा। मुस्करा थाना प्रभारी शशि पांडे ने सभी बूथों में जाकर निरीक्षण किया।

राठ विधानसभा में इंडिया गठबंधन व भाजपा के बीच कड़ी टक्कर, सुस्त रहा हाथी

राठ (हमीरपुर)। लोकसभा चुनाव में सोमवार को राठ विधानसभा में सुबह से ही ईडी गठबंधन व भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला होता दिखा। यहां के मतदाता अपनी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में तंज कसते दिखे। वहीं कई मतदान केंद्रों में बसपा का बस्ता तक नहीं लगा। जिसके चलते सारा दिन हाथी सुस्त नजर आया। पोलिंग बूथों पर सुबह सात बजे से ही लाइन लगनी शुरू हो गई। इंडिया गठबंधन व भाजपा समर्थकों की भीड़ भी बूथों के बाहर मतदाताओं को वोट के लिए प्रेरित करते नजर आए। बूथों के बाहर लगे बस्तों में सपा व भाजपा समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाते रहे। जबकि पिछले विधानसभा में पूरे दमखम से लड़ने वाली बसपा के कार्यकर्ता बूथों पर नजर नहीं आए। बसपा ने अपने प्रत्याशी के रूप में निर्दोष कुमार दीक्षित पर दांव लगाया था। ब्राम्हण प्रत्याशी होने के बाद भी ब्राम्हण मतदाताओं का रुझान अपने पक्ष में करने में असमर्थ दिखे। वहीं बसपा का अपना कैडर वोट ने भी दिल खोलकर मतदान नहीं किया। मतदाताओं की बेरुखी के चलते हाथी सारा दिन कहीं भी लड़ाई में नजर नहीं आया। दिन भर सपा व भाजपा समर्थक एक-एक वोट के लिए जूझते रहे।

मतदान के बीच धोखा देती रही ईवीएम

राठ। क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरिया के बूथ संख्या 331 में मतदान के 15 मिनट बाद ही ईवीएम ने जवाब दे दिया। करीब 40 मिनट बाद दूसरी मशीन रखने पर मतदान शुरू हुआ। शहर के फैज ए आम इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 258 में दोपहर करीब 1.15 बजे 390 मत पड़ने के बाद मशीन में खराबी आ गई। दूसरी मशीन लगाई गई। इस दौरान करीब 20 मिनट मतदान बाधित रहा। चिल्ड्रन पार्क के बूथ नंबर 264 में मशीन खराब होने से करीब 35 मिनट मतदान बाधित रहा। क्षेत्र के नहदौरा गांव में बूथ संख्या 287 में दोपहर करीब दो बजे ईवीएम खराब हो गई। सूचना पर एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे पहुंचे और दूसरी मशीन की व्यवस्था कर मतदान शुरू कराया। एक घंटे तक मतदान बाधित रहा।

जीत का दावा करते रहे समर्थक, मतदाता खामोश

राठ। मतदान के दौरान भाजपा, सपा व बसपा समर्थक अपनी जीत का दावा करते दिखे। मतदान के बाद सपा व भाजपा समर्थक अपने दावों पर विभिन्न प्रकार के तर्क देते नजर आए। वहीं मतदाता खामोश रहा। खामोशी से मतदान के बाद अपने घरों को चले गए। भले ही प्रत्याशियों के समर्थक अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हों। पर मतदाताओं की खामोशी उनकी बेचैनी बढ़ा रही है। हालांकि समीकरणों को देखते हुए राजनैतिक पंडितों की मानें तो सपा व भाजपा में कांटे की टक्कर है। वहीं बसपा प्रत्याशी की रफ्तार सुस्त नजर आई। मतगणना के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

संविधान, महंगाई, बेरोजगारी पर मुखर होकर बोले मतदाता

सुमेरपुर। कस्बे के निवासी बुजुर्ग भूरेलाल एवं शिवचरण उम्र के 85 से बसंत देख चुके हैं। सुबह 8:00 बजे मतदान करके बाहर आए दोनों वृद्धो ने कहा कि संविधान बदलने की आहट सुनकर संविधान को बचाने के पक्ष में मतदान किया है। देश के संविधान में बदलाव की नहीं उसे मजबूत बनाने की जरूरत है। विदोखर पुरई के युवा प्रथम मतदाता कौशलेंद्र यादव, ज्योति यादव ने कहा कि बेरोजगारी देश में बड़ा मुद्दा है। पेपर लीक कराकर सरकारे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही हैं। युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर बदलाव के लिए वोट किया है।युवा तेज तर्रार ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्र को मजबूत बनाकर विश्व में डंका बजाने के उद्देश्य को मजबूत बनाने के लिए मतदान किया है। पत्योरा के जयकरन निषाद ने कहा कि सत्ता के अहंकार को दूर करने के लिए बदलाव का उद्देश्य लेकर मतदान किया है। भौरा की कलावती, लक्ष्मी, कमला, बरुआ की शांति, टेढ़ा की विमला, उषा देवी आदि ने कहा कि महंगाई से गृहस्थी की गाड़ी चरमरा गई है। इंडिया गठबंधन ने एक लाख सालाना का वादा किया है। इस वजह से हमने भी एक लाख की उम्मीद से खटाखट मतदान कर दिया है।

दैनिक विश्व परिवार

संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन
(पूर्व अध्यक्ष-राज्य विज्ञापन मान्यता समिति उ.प्र. शासन)
मुद्रक एवं प्रकाशक आलोक जैन द्वारा वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-४६, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से मुद्रित एवं वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-४६, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से प्रकाशित।
सम्पादक : प्रवीण कुमार जैन
स्वात्ताधिकारी : प्रियेश कुमार जैन,
समाचार सम्पादक : डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन
डाक पंजीयन एल. 2-12/516 आर.एन.आई. पंजी. सं. 35394/77
मो.-9450071632, 9415073930
E-mail : dvp.jhs@gmail.com

लोकसभा चुनाव : हमीरपुर में 60.36 प्रतिशत हुआ मतदान

- केंद्रीय मंत्री, राजयसभा सांसद, चेयरमैन सहित डीएम एसपी ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग
- केंद्रीय व पुलिस बल ने दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर में बैठाकर कराया मतदान

मिमिक्री आर्टिस्ट जय विजय सचान ने मतदान कर मतदाताओं को किया जागरूक

जनपद के प्रसिद्ध मिमिक्री आर्टिस्ट जय विजय सचान ने पंचम चरण के मतदान में अपने जनपद आ कर मतदेय स्थल संख्या 94 आर्य समाज महर्षि दयानंद विद्यालय में मतदान किया।बूथ के बाहर स्वीप नोडल अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी और बूथ के बीएलओ अकबर अली ने उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र देकर मतदान करवाया। अपने मत का प्रयोग कर मिमिक्री आर्टिस्ट ने मतदाताओं को मतदान करने की अपील की।जय विजय सचान ने बताया कि उनके बीएलओ अकबर अली ने उनसे मतदान हेतु अपने बूथ पर जनपद आकर मतदान की अपील की गयी थी जिससे मतदाताओं मे उत्साह आए तथा मतदान प्रतिशत बढ़े।

हमीरपुर। हमीरपुर, महोबा तिंदवारी संसदीय क्षेत्र में पांचवे चरण के मतदान दिवस पर राठ विधान सभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा, जबकि तिंदवारी विधानसभा में सबसे कम मतदान हुआ। राठ में 63.05 प्रतिशत तो तिंदवारी में 57.48 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चिलचिलाती धूप के बीच जंग में लोकतंत्र की जीत हुई। शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न चुनाव में कुल 60.36 फीसद लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएम और एसपी समेत अन्य अधिकारी लाव लश्कर के साथ बूथों का निरीक्षण करते रहे। सोमवार को 45 डिग्री तापमान होते हुए भी लोग घरों से निकले और वोट डाला।ठंडक भरे माहौल में वोट डालने के लिए सुबह 6 बजे से ही लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचे। अधिकांश बूथों पर समय से मतदान शुरू हो गया। इक्का-दुक्का बूथों पर ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण प्रक्रिया देरी से शुरू हुई। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा बूथों का निरीक्षण करते रहे। सुबह सात बजे केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, सदर नगर पालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद, जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और एसपी डॉ दीक्षा शर्मा ने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बूथ पर अपने मत का प्रयोग किया। वहीं राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने राजकीय इंटर कॉलेज बूथ में मतदान कर लोकतंत्र के पर्व पर अपने कर्तव्य को पूरा किया।अधिकांश मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए महिलाएं, युवतियां और युवक उत्साहित नजर आए।खासकर महिलाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला।वहीं दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर में बैठाकर सीआरपीएफ का पुलिस के जवानों ने मतदान करवाया।सुबह नौ बजे तक 13.61 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। नगर पालिका क्षेत्र के ब्रह्मा का डेरा स्थित बूथ में सुबह नौ बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। वहीं आर्य समाज महर्षि दयानंद विद्यालय बूथ में बीएलओ अकबर अली की अगुवाई में थर्ड जेंडर शांति व विमला ने वोट डाले। दोपहर एक बजे तक 40.71 प्रतिशत मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। पारा बढ़ने के बाद मतदाताओं का मतदान प्रतिशत भी धीमी गति से बढ़ता रहा।शाम पांच बजे तक 57.83 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

उत्साह और उल्लास से युवाओं ने किया मतदान

सुनहरे भविष्य के लिए डाला वोट, सुबह से ही बूथों पर लगीं कतारें

बुजुर्ग मतदाता भी नहीं रहे पीछे

शहर के आर्य समाज मंदिर विद्यालय स्थित पोलिंग बूथ पर वोट डालने डंडे के सहारे पहुंची 80 वर्षीय सिया दुलारी को भीषण तपिश व लू भी हौसला नहीं डिगा पाई। पूंछने पर कहती हैं कि बेटा कह रहा था कि वह अभी आता है तो वोट डलवा आएगा, लेकिन उसने सोंचा कि मालूम नहीं कब तक आएगा। इसलिए डंडे के सहारे वह बूथ तक करीब 300 मीटर पैदल चलकर आ गई। कहा कि बहुत गर्मी है। आग बरस रही है।

जो बुजुर्गों का करे सम्मान, उसी को करेंगे मतदान

पत्योरा गांव निवासी मजीद (100) सुबह साढ़े आठ बजे बूथ से मतदान कर डंडे के सहारे घर को जाते दिखे। पूंछने पर ऊंगली दिखाते हुआ कहा कि वोट करके आया हूं। कहा कि देश का चुनाव है। जो हम बुजुर्गों का करे सम्मान, उसी को किया मतदान। वहीं रामसनेही संखवार (80) ने कहा कि उनकी पेंशन पांच सौ से बढ़कर एक हजार मिलने लगी है। जिससे अब उसका खर्च चल जाता है। कहा कि जनता का जो रखे ध्यान उसी को वोट देना चाहिए।

हमीरपुर। पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव में सोमवार को युवाओं के बीच मतदान को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। वोट डालकर बूथ से बाहर आए युवा मतदाताओं में गजब की खुशी झलकती दिखी। युवाओं ने राजगार की आस व सुपहरे भविष्य को ध्यान में रखकर अपना वोट किया। युवाओं में कानपुर सागर हाईवे व पेपर लीक का मुददा भी चर्चा में रहा।

पहली बार अंकुर शुक्ला, तन्मय सिंह चंदेल, अभिनेंद्र प्रताप सिंह, शिवांगी गुप्ता और दिव्यांग मतदाता पूजा ने मतदान किया। अंकुर शुक्ला ने बताया कि उन्होंने अपना वोट विकास और रोजगार के मुद्दे पर डाला है। वह युवाओं को रोजगार व विकसित समाज चाहते हैं। तन्मय व अभिनेंद्र ने कहा कि वह भी सशक्त सरकार चाहते हैं। सुनहरे भविष्य को ध्यान में रखकर वोट किया है। वह भी नहीं चाहते कि युवाओं के रोजगार से खिलवाड़ हो। कहा कि बार-बार पेपर लीक होना सरकार पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। इस पर सुधार होना चाहिए। राष्ट्र को समर्पित सरकार ही उनकी प्राथमिकता बताया। शिवांगी और पूजा का कहना है कि वह सब ऐसी सरकार चाहती हैं, महिलाओं को शिक्षा व सुरक्षा दे सके। कहा कि जाति धर्म उनकी समझ से परे है। उन्होंने ऐसी पार्टी को वोट दिया जो बातें नहीं बल्कि रोजगार दे सके और भविष्य को जाति धर्म के तराजू पर न तौले।

पेट और देश दोनों जरूरी

खेतों में खरबूज, तरबूज, खीरा, मूंग, सब्जियां आदि फसलें तैयार हैं। किसानों के सामने लोकतंत्र की जिम्मेदारी निभाने के साथ ही अपने खेत में खड़ी फसलों की भी चिंता है। क्षेत्र के अधिकतर किसान सुबह खेतों में काम करते दिखे। दोपहर को उन्होंने बूथ पर पहुंचकर मतदान में भाग लिया। दोपहर के समय किसानों ने अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। सुमेरपुर क्षेत्र के पत्योरा निवासी किसान रामप्रकाश निषाद ने कहा कि एक तरफ पेट का सवाल है तो दूसरी तरफ देश का सवाल है। इसलिए दोनों काम जरूरी हैं। पहले खेत का काम किया और इसके बाद मतदान। क्योंकि बिना पेट पूजा के देश सेवा नहीं सकती। किसान बबलू सिंह का कहना था कि लोकतंत्र के इस त्योहार में उनकी भी सहभागिता रही।

बूथ पर नहीं मिली व्हीलचेयर, घिसट कर पहुंची बूथ

जिला प्रशासन की लापरवाही भी कुछ बूथों पर नजर आई। बिवांर के हीरानंद विद्यालय में बूथ संख्या 371 में व्हीलचेयर की कोई व्यवस्था नहीं की गई। दिव्यांग मतदाता रामजानकी पुत्री रामेश्वर घिसटते हुए बूथ तक पहुंची।

सुबह से दिखा उत्साह दिन चढ़ते ही धीमा होने लगा मतदान

सुबह 700 बजते ही कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए बूथों में मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई और जैसे ही 10:00 बजे तो यह लाइन बूथों से गायब होने लगी और इक्का दुक्का मतदान तक सिमट गई। यह क्रम 3:00 बजे तक चला। इसके बाद फिर मतदान केंद्रों में भीड़ जुटने लगी और मतदान समाप्ति तक भीड़ का क्रम बना रहा। पूरे क्षेत्र में मतदाताओं ने शांति के साथ मतदान किया और वोट की चोट करके घरों को लौटकर कामकाज में मशगूल हो गए। एक बात सभी जगह पर सामान रही कि लोग बदलाव के पक्ष में ज्यादा ही नजर आए। सुबह के दो घंटे में मतदान में काफी जोश खरोश नजर आया। दोपहर में पुरुषों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की संख्या ज्यादा नजर आई। महिलाओं के अंदर भी पिछले दो चुनाव की तुलना में बदलाव की आहट सुनाई दी। घूंघट की ओट में रहकर उन्होंने भी बदलाव की बयार को जमकर हवा दी।

दुल्हन की तरह सजाए गए बूथों पर लगे सेल्फी प्वाइंट, दिखा उत्साह

हमीरपुर। जिले में कई जगहों पर मतदान बूथ के बाहर एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों में सेल्फी कार्नर भी बनाए। यहां मतदान के बाद सेल्फी लेकर मतदाताओं ने सोशल मीडिया पर अपलोड कर्रा। विभिन्न स्लोगन के माध्यम से दूसरे मतदाताओं से वोट डालने की अपील की गई। युवाओं ने लिखा मतदान जरूर करें, आपका एक वोट लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगा।

घूंघट की ओट में उत्साह के साथ आधी आबादी ने किया मतदान

हमीरपुर। सदर तहसील क्षेत्र के गांवों में घूंघट की ओट में वोट की चोंट करने के लिए निकली महिलाओं में जमकर उत्साह दिखा। इस दौरान कई बूथों पर महिला मतदाताओं की लंबी कतारें लगी दिखीं। प्राथमिक विद्यालय पत्योरा स्थित बूथ पर महिला मतदाताओं ने अच्छी खासी संख्या में वोट डाले। बूथों के बाहर महिलाओं की लंबी लाइनें लगी दिखीं। जो घंटों इंतजार के बाद वोट कर सकीं।

जिले की आधी आबादी ने लोकतंत्र के इस पर्व में पूरे उत्साह व उमंग के साथ वोट किया। बुंदेली महिलाओं का जोश देखते ही बन रहा था। वोट करके घर को जा रही इंद्रा देवी, शकुंतला, बेबी व सरोज आदि महिलाओं ने कहा कि जो उनके पेट का ख्याल रखे। इससे ज्यादा क्या हो सकता है। पूरे उमंग के साथ हंसते हुए कहती हैं कि उनके लिए देश सर्वोपरि है। जो देश का मान बढ़ाए, उनको सम्मान व सुरक्षा दे। ऐसी सरकार चाहती हैं।

वहीं कई बूथों पर महिलाओं की लंबी लाइनें लगी दिखीं। घर का काम आदि निपटाकर ज्यादातर आधी आबादी 10 बजे के बाद पोलिंग बूथों पर पहुंची। चिलचिलाती धूप व 45 डिग्री तापमान भी बुंदेली महिलाओं का हौसला नहीं डिगा सकी।

दिव्यांग मतदाताओं में भी वोट को लेकर दिखा उत्साह

अलग-अलग क्षेत्रों में दिव्यांग मतदाता भी पूरे जोश व उमंग के साथ अपने बूथों पर वोट करने पहुंचे। कोई बैसाखी के सहारे तो कोई व्हीलचेयर पर कुछ को उनके परिजन कंधे में लेकर वोट डलवाने के लिए ले जाते देखे गए।

सरीला कस्बा निवासी दिव्यांग मतदाता बनवारी करीब चार बजे ट्राई साईकिल से मतदान करने पहुंचे। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है। वहीं गहरौली मतदान केंद्र में दोपहर दो बजे रामसनेही (85) के परिजन ई-रिक्शा में बैठाकर उसे वोट डलवाने पहुंचे। जिसे रिक्शा से उतारकर व्हीलचेयर में बैठाकर बूथ तक ले जाया गया।

संक्षिप्त समाचार

अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप

ललितपुर। अपने मायके में रहने वाली एक विवाहिता ने शहरी निवासी अपने पति से तीन ससुराली जनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उक्त घटना की संबंध में पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है।

थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बख्तर निवासी श्रीमती पूनम पुत्री नंदलाल रजक पत्नी शिवम ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका विवाह मोहल्ला आजादपुर निवासी मनोज रजक के पुत्र शिवम रजक के साथ यथाशक्ति दान दहेज देकर संपन्न कराया गया था। लेकिन शादी की बाद से ही उसका पति शिवम और उसका पिता मनोज अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर उसे अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहते थे और जब वह मांग पूरा करने का विरोध करती, तो उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की जाती तथा जान से मारने की धमकी दी जाती। जिसे प्रताड़ित होकर वह है अपने मायके में आकर रहने लगी। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर विवाहिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर पति सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ 498 323 506 व 4 डीपी एक्ट धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे अज्ञात का शव पड़ा मिलने से मचा हड़कंप

ललितपुर। शहर के बुढ़वार रोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक किसी अज्ञात का संदिग्ध परिस्थितियों में सब सड़क किनारे पड़ा होने की सूचना मिलने पर हड़कंप जैसी स्थिति उत्पन्न रही घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया और उसके कपड़ों की तलाशी ली तो उसके पास से कोई ऐसी वस्तु बरामद नहीं हुई जिससे उसकी पहचान हो सके इसके बाद पुलिस ने मृतक केशव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया और शिनाख्त में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार जब पुलिस अधिकारी कर्मचारी और प्रशासनिक अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया में लगे हुए थे, तभी सदर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बुढ़वार रोड़ पर स्थित कुरैशी पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात व्यक्ति का शब्द सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया, तो प्रथम दृष्टया शव को देखने से ऐसा महसूस हो रहा था कि मानों वह किसी भिखारी का शव हो। पुलिस ने जब उसके कपड़ों की तलाशी ली, तो उसके पास से कोई ऐसी वस्तु बरामद नहीं हुई, जिससे उसकी पहचान हो सके। इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया और जांच में छूट गई है। इस बात की भी जानकारी नहीं हो सकी कि उक्त व्यक्ति इलाके में कब आया था और यहां क्या कर रहा था। हालांकि पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

ऑफिस में घुसकर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप

ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महरोनी खुर्द में गांव के ही दबंग कर्मी ने इलाके में लगे हुए सोलर प्लांट के मैनेजर की ऑफिस में घुसकर उसके साथ जमकर गाली गलौज की और विरोध करने पर मारपीट पर आमादा होते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। बताया गया है कि दबंग प्लांट कार्यालय के बंद मुख्य द्वार पर जबरन छलांग लगाकर ऑफिस में घुसे थे, और उसके साथ उक्त घटना को अंजाम दिया। दबंग की यह हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित मैनेजर ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर तीन दबंग के खिलाफ कार्यवाही की मांग भी उठाई।

महरोनी खुर्द में संचालित 10 मेगाबाट के सोलर प्लांट पर तैनात मैनेजर अमरेंद्र पांडे पुत्र ओंकार नाथ पांडे ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 18 मई 2024 को दोपहर करीब 12:00 जब वह अपने ऑफिस में था और वहां के गेट बंद थे, तभी सोलर प्लांट पर टेक्नीशियन का काम करने वाले दबंग प्रवृत्ति के गांव के ही ग्रामीण अरविंद सिंह पुत्र शराब के नशे में धुत होकर उनके ऑफिस में आया और अपने साथियों के साथ ऑफिस के गेट को पार कर वहां घुसकर उनके साथ जमकर गाली-गलौज की। इतना ही नहीं जब उन्होंने दबंग की इस हरकत पर विरोध जताया, तब उसने अपने दोनों साथियों के बल पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। बताया गया है कि जब दबंग घटना को अंजाम दे रहे थे, तब उक्त घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इस शिकायती पत्र के माध्यम से पीड़ित मैनेजर ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई है।

प्रचंड गर्मी के बावजूद दिखा मतदाताओं में उत्साह

- सुबह 7 से 10 और शाम 4 से 6 में रही जमकर भीड़
- छुटपुट शिकायतों को छोड़, शांति सुरक्षा से हुआ मतदान

तालबेहट(ललितपुर)। आकर्षक रंग बिरंगे गुब्बारे तो कहीं स्वागत वन्दन करते होर्डिंग और पिंक बूथ मतदान केंद्रों पर प्रशासन की मेहनत की रंगत दिखी। सुबह और शाम वोटरों की लंबी लंबी कतारें लगी रही। शाम 6 बजे तक 73 प्रतिशत मतदान हुआ।

सुबह से ही तेज धूप के बावजूद नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर लंबी लम्बी कतारें लग गई थी। सुबह 9 बजे तक 19त्न इसके बाद 11 बजे करीब 32त्न मतदान सम्पन्न हुआ। इसके बाद मतदान धीमा रहा और शाम 4 बजे तक इक्का दुक्का और शाम 5 बजे तक 60? मतदान सम्पन्न हो गया। शाम 6 बजे तक क्षेत्र में करीब 72त्न प्रतिशत मतदान की जानकारी मिल रही थी। प्रचंड गर्मी के बावजूद मतदाताओं का उत्साह देख चुनाव से जुड़े प्रशासन के अफसरों ने राहत की सांस ली।

छुटपुट घटनाओं को छोड़ शांति से हुआ मतदान

मणिपुर पुलिस और यूपी पुलिस की संयुक्त सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। गेवरा व गुदेरा में कुछ लोगों ने मतदान में धांधली का प्रयास किया। जिसे ग्रामीणों में नाराजगी रही और शिकायतें प्रशासन होती रही। बीजेपी कार्यकर्ता प्रवीण तिवारी ने विपक्षी दलों के कुछ लोगों पर धांधली का आरोप लगाते हुए शिकायत की। वहीं भुचेरा में सिपाही की अभद्रता से नाराज ग्रामीणों की शिकायत पर उसे हटा दिया गया। राजपुर ग्राम पंचायत के विघा में पानी की समस्या को लेकर मतदान वहिष्कार पर प्रशासन ने पेयजल की व्यवस्था कर मतदान सम्पन्न कराया।

ग्रामीणों ने किया लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

मऊरानीपुर (झांसी)। पंचमपुरा के ग्रामीणों नें समस्याओ से तंग आकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया। अधिकारियों, भाजपा नेताओ के मनाने पर भी वह नही माने। सारे दिन बूथ पर सुनसान रहा। आखिरकार प्रशासन ने बूथ एजेन्ट बने चारो व्यक्तियों के बोट डलवाये। पूरा गांव एकजुट नजर आया। पंचमपुरा निवासी प्रहलाद पटेल, मानवेन्द्र पटेल, गोविन्द दास पटेल, पुष्पेन्द्र, नरेन्द्र, दयाराम, भगवान शरण, आदेश, जयनारायण पटेल, हिमांशु पटेल, लखनलाल, मुन्ना, अशोक, अरविन्द पटेल, सुनील पटेल, रोहित पटेल, धीरेन्द्र, मिन्टू पटेल, श्याम बिहारी, सचिन, शिवम पटेल आदि ग्रामीणों का कहना था कि 2 मार्च को रबी फसल में ओलावृष्टि हुई थी। जिसमे फसले शत-प्रतिशत नष्ट हो गई थी। किसानो को आपदा राशि आधी-अधूरी दी गई। जिसका मुआवजा 50 हजार रूपये प्रति एकड के हिसाब से देने की मांग की गई। जानवरों के लिए भूसा का प्रबंध किये जाने, ग्राम प्रधान द्वारा तीन वर्ष से पंचमपुरा में कोई भी काम न कराये जाने पर रोष व्यक्त किया।

चाक चौबंद पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच लोकसभा के पांचवें चरण का मतदान हुआ सम्पन्न

- जनपद के 749 मतदान केंद्रों के 1056 मतदेय स्थलों पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कराया मतदान
- क्लैक्ट्रेट सभागार में संचालित अंत्य आधुनिक कंट्रोल रूम में मतदान प्रक्रिया के हर पल पर रखी गई नजर
- मंडलायुक्त ने अंत्य आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस कंट्रोल रूम की सराहना की
- ग्राम सोलदा में हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए जिलाधिकारी की थपथपाई पीठ
- मतदान बहिष्कार की घोषणा पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की समझने के बाद ग्रामीणों ने किया मतदान



ललितपुर। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पांचवें चरण का मतदान जनपद की सदर और महरौनी दोनों विधानसभा सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच निर्विवाद रूप से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में संपन्न कराई गई। पांच में चरण के मतदान को संपन्न करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी अहम भूमिका निभाई और मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराया। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की देखरेख में क्लैक्ट्रेट सभागार में आधुनिक तकनीकी से युक्त एक कंट्रोल रूम का संचालन कराया गया जहां दो दर्जन से अधिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई और जनपद स्तरीय आलाधिकारी बैठकर समूची जनपद के संपूर्ण मतदान प्रक्रिया पर अपनी नजर बनाए रहे और किसी भी गतिविधि से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन विकसित किए गए। इसके साथ ही जोनल सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई थी, जो पल-पल की गतिविधि पर नजर रखे रहे। देश की सरकार बनाने के लिए पांचवें चरण की मतदान प्रक्रिया में जनपद के 954064 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था, जिसके सापेक्ष करीब 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और देश की सरकार बनाने में अपना एवं सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही जिला अधिकारी की पहल पर चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान का असर ग्रामीण क्षेत्रों में देखा गया, जिसका जीता जागता नमूना उस समय देखने को मिला, जब मडावरा तहसील के ग्राम सोलदा में 2'00 तक शत प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ। कलेक्टर सभा घर में अति आधुनिक सुविधाओं से लैस संचालित कंट्रोल रूम और सोलदा में हुए शत प्रतिशत मतदान पर मंडलायुक्त में जिला अधिकारी की पीठ थपथपाई और उनके किए गए अथक प्रयासों की सराहना भी की। हालांकि इस मतदान प्रक्रिया के दौरान एक दुखद घटना हुई, जिसमें एक मणिपुर के जवान ने चुनावी ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों का बलिदान दिया। ड्यूटी पर जाने के दौरान उसकी हालत बिगड़ने पर उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां से हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के पांचवें चरण की शुरुआत ललितपुर झांसी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद ललितपुर में मतदान प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के अनुसार 20 मई को सुबह 7'00 से शाम 6'00 तक कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न कराई गई। लोकसभा चुनाव संपन्न करने के लिए जनपद के जनपद के 749 मतदान केंद्रों के 1056 मतदेय स्थलों पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई। जनपद में मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने में 2 एएओ 15 जोनल मजिस्ट्रेट 107 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ 8 एफएसटी और 6 एसएसटी की टीमों को तैनात किया गया था। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी के साथ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक भी मतदान केंद्रों की लगातार निगरानी करते नजर आये।

इस मतदान प्रक्रिया में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे युवा मतदाताओं ने 4 जून को गठित होने वाली सरकार से अपनी मांगों को लेकर लागू किए जाने की उम्मीद जताई। जिन्होंने अपने मुद्दों को लेकर पहली बार मतदान किया। युवाओं का कहना है कि देश में आरक्षण प्रक्रिया समाप्त होनी चाहिए क्योंकि इस आरक्षण प्रक्रिया से सामान वर्क के लोगों को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता है जबकि आरक्षण बालों को कम अंक प्राप्त करने के बावजूद सरकारी नौकरी और अन्य सरकारी सुविधा मिल जाती हैं और सामान वर्क के लोग इस मुहीम में पीछे छूट जाते हैं। इसके साथ ही एक देश एक शिक्षा का विधान भी देश में लागू होना चाहिए। देश में शिक्षा का वर्गीकरण समान होना चाहिए, जिससे समाज की हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से जनपद पुलिस के साथ-साथ प्रयागराज औरैया मथुरा अलीगढ़ जनपदों से करीब 4000 होमगार्ड बुलाये गये थे, जिन्होंने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। इसके साथ ही मणिपुर स्टेट आर्म्स फोर्स की पांच टीमें सीआरपीएफ की तीन टीमें, आईटीबीपी के साथ सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल की एक-एक टीम और पीएसी प्लाटून की एक टीम की भी तैनाती की गई। जनपद की सुरक्षा के लिए 28 अंतरराज्य बैरियर एवं तीन अंतर जनपदीय बैरियर भी लगाए गए, जहां पर पुलिस के अधिकारी कर्मचारी भी तैनात किए गए, जिन्होंने मतदान को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रयत्न किया जिससे जनपद के कई ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में बड़ोत्तरी हुई है। जबकि मडावरा तहसील के ग्राम सोलदा में 2'00 तक शत प्रतिशत मतदान सम्पन्न हो चुका था, जो जनपद में प्रथम पायदान पर रहा । इसके साथ ही महरोनी विधानसभा के ग्राम बुधनी नाराहट बूथ 195 पर दोपहर दो बजे तक 83.72 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ, जो दूसरे नंबर पर रहा और ग्राम बमोरी नागल बूथ नंबर 355 पर 82.54 प्रतिशत मतदान कराकर जनपद में तीसरे नंबर पर रहा।

जनपद पहुंचे मंडल आयुक्त ने जिला अधिकारी की सराहना की -

झांसी से जनपद पहुंचे मंडआयुक्त विमल कुमार ने क्लैक्ट्रेट सभागार में बनाये गये आधुनिक कंट्रोल रूम की जमकर सराहना करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की पीठ थपथपाई। इसके साथ ही जनपद के ग्राम सोलदा में हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए भी जिलाधिकारी की पीठ थपथपाई और उनके द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाए गए अभियान पर किए गए प्रयासों की भी सराहना की। इस दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि जिस तरह जनपद के एक ग्रामीण इलाके में शत प्रतिशत मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई है, वह काफी सराहनीय है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिला अधिकारी की उत्कृष्ट सोच का नमूना यह है कि क्लैक्ट्रेट परिसर में अत्यधिक सुविधाओं से परिपूर्ण एक कंट्रोल रूम का संचालन किया गया, जहां बैठकर समूची जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है।

यह रहा दिनभर का मतदान प्रतिशत

जनपद में सुबह 7 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई थी। इस निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों की नियुक्ति की गई, जिन्होंने मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया। 20 मई की सुबह 9 बजे तक सदर विधान सभा में 16.03 प्रतिसत और महरोनी में 16.38त्न मतदान सम्पन्न हुआ था। दो वहीं सुबह 11 बजे तक सदर विधानसभा में 32.87 और महरोनी में 33.50 प्रतिस्त मतदान सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही दोपहर 1 बजे तक सदर विधान सभा में -46.93 और महरौनी विधान सभा में 49.27 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। इस तरह दोनों ही विधानसभाओं में कुल मतदान 48.10 प्रतिशत सम्पन्न हो पाया था। इसी दौरान जनपद की मडावरा तहसील के ग्राम सोलदा में शत प्रतिशत मतदान सम्पन्न हो गया था, टो वहीं महरौनी विधानसभा के ग्राम बुधनी नाराहट बूथ 195 नंबर में 83.72 प्रतिशत मतदान केसाथ दूसरे नंबर पर और ग्राम बमोरी नागल बूथ नंबर 355 पर 82.54 प्रतिशत मतदान के साथ तीसरे नंबर पर रहा। शाम तीन बजे तक 3 बजे तक सदर विधानसभा में 55.78 और महरौनी विधानसभा में 59.39 प्रतिशत मतदान मिलकर दोनों विधानसभा में कुल मतदान 57.58 प्रतिशत मतदान संपन्न हो पाया। शाम 5 बजे तक सदर विधान सभा में - 63.97 प्रतिशत और महरौनी विधानसभा में 68.49 प्रतिशत के साथ दोनों विधानसभा में कुल मतदान 66.23 प्रतिशत ही संपन्न हो पाया था समाचार लिखे जाने तक मतदान प्रक्रिया संपन्न हो रही थी।

कई गांव के ग्रामीणों ने मतदान प्रक्रिया का किया बहिष्कार

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया प्रारंभ होने पर समूचे जनपद के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लिया। लेकिन जनपद के कई गांव में ग्रामीणों की अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर इस मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया। हालांकि कई स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समझाने बुझाने के बाद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बैरवारा के मजरा परसई के ग्रामीणों ने गांव में संपर्क मार्ग न होने एवं बिजली की समस्या होने के चलते चुनावी बहिष्कार की घोषणा की। उन्होंने बताया कि साथ ही प्रशासनिक जिम्मेवारों द्वारा बिना सोचे समझे परसई का पोलिंग बूथ गांव से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बड़गांगा में बनाया है। जिसके चलते मतदाताओं आवाजाही के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत नैगाँव गंनगोरा,पाली के पास ग्राम रमपुरा, पटऊआ नीमखेरा के पास हरपुरा के ग्रामीणों ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया और मतदान करने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही जनपद के कई गांव से मतदान बहस कर की सूचनाओं प्राप्त होने के बाद जिलाधिकारी के साथ अंकाई सक्षम अधिकारियों ने गांव पहुंचकर मतदाताओं की समस्याओं को सोना और उनकी जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन देकर ग्रामीणों से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई। इसके साथ ही इस लोकसभा चुनाव के गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य ने भी ग्रामीणों से संपर्क किया और आपसे सहिता खत्म होने के बाद उनकी समस्याओं से निजात दिलाने का भी वादा किया जिसके बाद ग्रामीणों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जवान की हुई मौत पर जताया दुख

निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात 50 बर्षीय हे0का0 हौजमंग मणिपुर ऐसएपी डी कम्पनी बटालिय नं. 10 की अचानक तबियत बढ़ने से मौत हो गई। बताया गया है कि लोकसभा चुनाव ड्यूटी में 29, 30 प्राथमिक विद्यालय मिर्चवारा थाना बार मतदान केन्द्र बस द्वारा जा रहे थे, रास्ते में ठंडा पानी पिया और बस में सो गये। बस मतदान केन्द्र मिर्चवारा पहुँची, तो अन्य सहकर्मी द्वारा उठाया गया, तो उठे नहीं और देखा तो बेहोशी की हालत में थे। सूचना पर तत्काल थाना बार पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर हे0का0 हौजमंग को उपचार हेतु सीएचसी बार में भर्ती कराया गया, जहां हालत गम्भीर होने के कारण इलाज हेतु हाई सेंटर इन्सीटीयूट के लिए रिफर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी /जिलाधिकारी से संम्पर्क कर उक्त हे0का0 को ALS एम्बुलेंस की मदद से हाई सिक्योरिटी और ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हाई सेंटर मेडिकल कॉलेज झाँसी लाया गया। जहां पर उन्हें डाक्टरो द्वारा मृत घोषित कर दिया गया । जवान की मौत पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए सब का पोस्टमार्टम कराया और संसाधनों की उपलब्धता कर कर मृतक जवान का शव का सम्मान उसके घर पहुंचने की भी व्यवस्था की।

तेज आंधी में लेंटर का जाल उड़ने से एक की मौत, तीन घायल

गरसराय। चंद्र क्षणों के लिए आई तेज आंधी ने एक व्यक्ति की जान ले ली तथा तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर कर दिया है।

नगर के नई बस्ती स्थित पच्चीसा में एक मकान के लेंटर डाले जाने की तैयारी चल रही थी मजदूरों के द्वारा जाल कसा जा रहा था इसी बीच रविवार को शाम 4'00 बजे के बाद आई आंधी ने लेंटर के लिए कसे जा रहे जाल को अपने आगोश में ले लिया। तेज आंधी के कारण जाल उड़ गया। जाल कस रहे एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर लोगों में अफरा तफरी मच गई आस पड़ोस के लोगों की मदद से घायलों को निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी संतोष कुमार अवस्थी, कस्बा इंचार्ज रमाकांत सिंह मय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने जमुना पुत्र नथू को मृत घोषित कर दिया । बताते चलें कि कृष्ण गोपाल सोनी के मकान का निर्माण कार्य नगर के पच्चीसा मोहल्ले में चल रहा था जिसमें लेटर का जाल बनाया जा रहा था लेटर का जाल बनाने में जमुना पुत्र नथू, अहिरवार उम्र लगभग 45 वर्ष, प्रिंस पुत्र रामप्रसाद उम्र लगभग 14 वर्ष, नीतू पुत्र घनश्याम उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी गण ग्राम सुट्टा जाल बांधने का कार्य कर रहे थे तभी तेज रफ्तार से आई धूल भरी आंधी के कारण जाल सहित चारों लोग उड़कर जमीन पर नीचे गिरे एवं उनके ऊपर से जाल गिरा लोहे के तारों के जाल से घायल हुए जमुना पुत्र नथू अहिरवार उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी ग्राम सुट्टा की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । सभी को एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसराय में उपचार हेतु भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के पश्चात जमुना पुत्र नथू अहिरवार को मृत घोषित कर दिया जबकि प्रिंस पुत्र गया प्रसाद एवं नीतू पुत्र घनश्याम को उपचार हेतु जिला मुख्यालय झांसी स्थानांतरित कर दिया गया ।घटना की सूचना पाकर घायलों के परिजन एवं रिश्तेदारों का जमावड़ा अस्पताल लगा रहा। सूचना पाकर पहुंची थाना गुरसराय की पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मऊरानीपुर भेज दिया।

शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ मतदान

बरुआसागर। लोकसभा निर्वाचन महायज्ञ के पाचवें चरण में बरुआसागर इलाके के 34 मतदान केंद्रों में 54 बुथों पर लगभग 19 हजार मतदाताओं ने अपने मतों की आहुति देकर झाँसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र का नुमाईंदा निर्वाचित किया। जिसका एलान आगामी 4 जून 2024 को मतगणना उपरांत किया जायेगा।

क्षेत्र में दो प्रत्याशियों के मध्य ही कड़ा मुकाबला हुआ हैं। लेकिन मौसम की बेरुखी की वजह से पहले दौड़ में मतदाताओं ने अपने मतों का भरपूर उपयोग किया। लेकिन जैसे जैसे गर्म हवाओं के थपेड़े चलने से मतदान केंद्रों में सन्नाटे की स्थिति बनी रही। जो बाद में सायंकाल मौसमी हवाओं में नरमी आने से मतदाताओं में फिर अपने वोट डालने का कार्य किया।

झाँसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पाचवें चरण का मतदान प्रात:काल 7 बजे से प्रारंभ हुआ। जो सायंकाल 6 बजे तक खत्म हुआ। प्रात:काल के दौरान मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर पहुंच कर कतारों में लग के मतदान किया। जो धीरे धीरे गर्मी का प्रकोप बढ़ने से धीमा होता चला गया। जो सायंकाल में तेजी पकड़ता गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरुआसागर क्षेत्र के 34 मतदान केंद्रों के 54 मत कक्षों में इतने मतदाताओं ने अपने मतों का उपयोग किया। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होने से किसी भी तरह की वारदात घटित नहीं हो सकीं।

बताया जाता हैं कि बरुआसागर क्षेत्र केवल दो प्रत्याशियों के मध्य मुख्य मुकाबला रहा। जिसमें भाजपा के वर्तमान सासंद अनुराग शर्मा एवं इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के बीच रहा। लेकिन विजयश्री किसको वरण करती हैं। यह मतगणना उपरांत ही ज्ञात हो सकेगा।

बरुआसागर क्षेत्र के मतदान सूची सुधार करने तथा नये युवाओं को मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए तैनात किये गए बीएलओ एवं अन्य कर्मचारियों की उदासीनता एवं लापरवाही का खामियाजा इस तपती दोपहर को उन मतदाताओं को भुगतना पड़ा जो विगत कई वर्षों से मतदान करते आ रहे थे। लेकिन इस बार उनका नाम मतदाता सूची से गायब मिला। वह उदासीन होते हुए प्रशासन को कोसते अपने घर वापिस हो गये।

भारत निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के लिए मतदान केंद्रों पर छाया एवं पेयजल सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश जारी किए गए।लेकिन आयोग के निर्देशों को नजरअंदाज करते हुए कुछ मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का इंतजाम नहीं किया गया। जिसकी वजह से मतदाताओं ने लम्बी लम्बी कतारों को लगाते हुए भीषण धूप एवं गर्मी की चपेट में आकर मतदान किया। तथा पेयजल के अभाव में सूखे गली के रहते सांसद का चुनाव करने को मजबूर हुए।

पहली बार मतदाता बनने से उत्साहित युवाओं ने मतदान केंद्रों में पहुंच कर अपने मतों का उपयोग कर संसदीय प्रतिनिधि का चुनाव किया। जिससे मतदान केंद्रों में युवाओं के तादाद अधिक से अधिक दिखाई दी। वहीं अधिक उम्रदराज मतदाताओं ने शारीरिक परेशानियों को दरकिनार करते हुए मतदान केंद्रों में पहुंच कर अपने मत का उपयोग किया।

हालांकि उनके मत डालने की प्रक्रिया में परिवारीजनों सहित अधिकारियों ने भी मत डलवाने में भरपूर सहयोग किया।

63.57 प्रतिशत मतदाताओं ने ईवीएम में कैद किया लोकसभा प्रत्याशियों का भाग्य

- सबसे अधिक महरौनी विधानसभा में मतदान हुआ
- पांच विधानसभाओं में झांसी सबसे अंतिम पायदान पर
- टॉप थ्री में महरौनी, ललितपुर व बबीना विधानसभा शामिल
- आरोप-प्रत्यारोपों के दौरों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ मतदान
- 4 जून को होगा झांसी-ललितपुर के भावी सांसद का फैसला

झांसी(विश्व परिवार)। लोकतंत्र के सबसे बड़े यज्ञ लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आज झांसी-ललितपुर संसदीय सीट पर मतदान आरोप-प्रत्यारोपों के दौरों तथा छुटपुट झड़पों को छोड़कर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। मतदान समाप्त होने के साथ ही इस संसदीय सीट से किस्मत आजमा रहे भाजपा, कांग्रेस व बसपा सहित 10 प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद हो गये। इनका फैसला 4 जून को मतगणना के बाद होगा।

झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र में प्रातः 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुयी, जो शाम 6 बजे तक निर्बाध रूप से चली। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। छुटपुट घटनाओं को यदि छोड़ दिया जाए, तो मतदान शांतिपूर्ण रहा। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनुराग शर्मा, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रवि प्रकाश कुशवाहा, अपना दल (कमेरवादी), अलहिंद पार्टी से इंजीनियर दीपक कुमार वर्मा तथा निर्दलीय प्रत्याशी इंद्र सिंह, गणेश राम, धर्मेंद्र प्रताप, रमेश, लखनलाल के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। इन प्रत्याशियों के लिए झांसी और ललितपुर के मतदाताओं ने कुल 63.57 प्रतिशत मतदान किया। सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आगामी 4 जून को होगा। मतों की गणना नवीन भोजला मंडी में प्रातः 7 बजे से होगी।

20 मई सोमवार को सुबह से ही चुनाव पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा चुनाव प्रक्रिया में लगे सेक्टर मजिस्ट्रेटो व अन्य अधिकारियों ने कमान संभाल ली। संसदीय क्षेत्र में 1586 मतदेय स्थलों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान हर बूथ पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम रहे। जरा भी संदेह होने पर सुरक्षा कर्मी और पीठासीन अधिकारियों ने गहनता से जांच पड़ताल कर मतदाता को मतदान करने दिया। सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई और 11 बजे तक वोट डालने वालों में मतदान को लेकर जागरूकता दिखाई दी, परंतु 11 के बाद जैसे ही गर्मी ने अपना उग्र रूप धारण किया, तो मतदाताओं का गर्मी से हाल बुरा होते ही बूथ पर जाने का मनोबल टूट गया, पर शाम 4 बजे से एक बार फिर मतदान ने रफ्तार पकड़ी और शाम 6 बजे तक चली मतदान प्रक्रिया में मतदान सम्पन्न हो गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने अपनी पत्नी पूनम शर्मा और दोनों बेटियों के साथ एसपीआई इंटर कॉलेज में पहुंच कर मतदान किया तो वहीं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य ने अपनी पत्नी रीता जैन पुत्र गौरव जैन के साथ स्वामी विवेकानंद स्कूल में मतदान किया। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने भी मतदान किया। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. चंद्रपाल सिंह यादव, उनके भतीजे सिंहव्रत सिंह यादव, सदर विधायक रवि शर्मा व उनके परिजन, विधायक राजीव सिंह परीक्षा, एमएलसी रामतीर्थ सिंघल, शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी, पूर्व विधायक बृजेंद्र व्यास, पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव, बुंदेलखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह, महापौर बिहारी लाल आर्य, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह सहित तमाम दिग्गज नेताओं ने मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में झांसी की जनता ने उतने उत्साह के साथ मतदान नहीं किया, जितना समाजसेवियों ने उन्हें जागरूक किया। कई महीनो से समाज सेवी संस्थाएं तथा जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान करने की अपील कर रहा था और जागरूकता कार्यक्रम भी चला रहा था। इसके बावजूद भी वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 67 प्रतिशत रहा था, परंतु इस बार मतदान प्रतिशत में साढ़े तीन प्रतिशत की कमी आई।

बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

झांसी। सुबह 7 बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया 11 बजे तक तो ठीक-ठाक चलती रही, परंतु जैसे ही 11 बजे के बाद प्रचंड गर्मी शुरू हुई, तो लोग बेहाल दिखे। इसके साथ ही बाजारों में सन्नाटा दिखाई दिया। संपूर्ण रूप से बाजार बंद रहे। यहां तक कि हमेशा चहल-पहल और वाहनों की कर्कश आवाज से गुंजायमान रहने वाला इलाईट चौराहे पर भी सन्नाटे का पहरा रहा।

पहली बार मतदान करने की खुशी दिखी चेहरे पर

झांसी। मतदान के दौरान उन मतदाताओं के चेहरे पर विशेष चमक देखने को मिली, जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद पहली बार मतदाता बने थे और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये पोलिंग बूथों पर पहुंचे थे। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी दो युवतियों ने अपने मत का उपयोग किया। महानगर निवासी तानिया नगाइच और तमन्ना राय ने पहली बार अपने मत का उपयोग किया, तो उनके चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। दोनों युवतियों ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए वोट देना जरूरी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के प्रति जताया आभार

- जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया अनेक बूथों का निरीक्षण, सेल्फी प्वाइंट पर ली सेल्फी
- बूथ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रथम बार वोटिंग करने वाले युवा मतदाताओं से किया संवाद
- सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने शांतिपूर्ण, स्वच्छता के साथ मतदान करने पर मतदाताओं के प्रति जताया आभार

झांसी(विश्व परिवार)। आज प्रातः 7 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश एस ने झाँसी-ललितपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रक्रिया का विभिन्न बूथ पर जाकर निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सुव्यवस्थित मतदान हेतु दिशा-निर्देश भी दिये।

झाँसी-ललितपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रक्रिया जनपद झांसी के मतदान केंद्रों पर प्रातः 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश एस ने सर्वप्रथम आर्य कन्या इंटर कॉलेज, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, पी एन कॉन्वेंट स्कूल खाती बाबा, राधा कृष्ण इंटर कॉलेज खाती बाबा,सरस्वती शिशु मंदिर दिन दयाल नगर, निर्मला कॉन्वेंट स्कूल प्रेमनगर, डान बास्को इंटर कालेज ईसाई टोला, एम एस इंटर कॉलेज प्रेमनगर मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने पुलिस बल की तैनाती के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को देखा और अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

मतदान केंद्रों पर मतदान की कार्यवाही को देखने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद झांसी में पंचम चरण की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से गतिमान रहा। आदर्श बूथ नेशनल हाफिज सिद्दीकी इंटर कॉलेज मतदान स्थल का निरीक्षण किया तथा मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिला अधिकारी श्री अविनाश कुमार ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा मतदाताओं से संवाद स्थापित किया और बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी (फोटो) भी ली। उन्होंने जनपद के मतदाताओं से निष्पक्ष स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। जनपद में निष्पक्ष, शुचिता पूर्ण और पारदर्शी ढंग से निर्वाचन मतदान संपन्न कराए जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा उचित निर्देश दिए गए।

मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारी से कुल मतदाताओं के सापेक्ष अब तक मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया की जानकारी ली तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी परीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने आज जनपद में झांसी-ललितपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की सकुशल मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर जनपद झांसी के समस्त प्रशासनिक अधिकारी/पुलिस अधिकारी सहित मतदान प्रक्रिया से जुड़े अन्य अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। इन बूथों के अतिरिक्त भी जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदाताओं से बात करते हुए उन्होंने अन्य मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील करते हुए कहा कि सभी निष्पक्ष और निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। झांसी दुर्ग बूथ जीआईसी झांसी में, बुन्देली कला एवं संस्कृति हाफिज सिद्धिकी स्कूल, योग बूथ (सूर्य नमस्कार) बीकेडी कालेज झांसी व वीरांगना बूथ आर्यकन्या इंटर कॉलेज सीपरी, झांसी सहित चार मॉडल बूथ पहली बार सुंदर, सुव्यवस्थित सेल्फी प्वाइंट सहित सजाये गये। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश एस सहित पुलिस बल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस तरह दिन भर चलता रहा मतदान प्रतिशत, महरौनी टॉप पर तो झांसी सबसे फिसड्डी रहा

झांसी। झांसी- ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रातः 9.30 बजे तक मतदान प्रतिशत 14.26 रहा, जिसमें झांसी महानगर में 12.01, मऊरानीपुर में 12.93 प्रतिशत, बबीना में 13.3 प्रतिशत, ललितपुर में 16.05 प्रतिशत, महरौनी में 16.47 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतों का उपयोग किया। ठीक दो घंटे बाद 11.30 बजे मतदान प्रतिशत 29.82 प्रतिशत आया, जिसमें 222 बबीना विधानसभा में 28.64 प्रतिशत, 223 झांसी विधानसभा में 25.66, प्रतिशत, 224 मऊरानीपुर विधानसभा में 27.57 प्रतिशत, 226 ललितपुर विधानसभा में 32.87 प्रतिशत, 227 महरौनी विधानसभा में 33.5 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतों का उपयोग किया। तीसरे चक्र का प्रतिशत फिर दो घंटे बाद 1.30 बजे आया। अब तक मतदान प्रतिशत 43.53 पर पहुंच गया था। इसमें 222 बबीना विधानसभा में 41.77 प्रतिशत, 223 झांसी नगर विधानसभा में 37.9 प्रतिशत, 224 मऊरानीपुर विधानसभा में 40.65 प्रतिशत, 226 ललितपुर विधानसभा में 46.96 प्रतिशत, 227 महरौनी विधानसभा में 49.2 प्रतिशत मतदाता वोट डाल चुके थे।

3 बजे मतदान प्रतिशत 52.44 प्रतिशत आया। इसमें 222 बबीना विधान सभा में 51.1 प्रतिशत, 223 झांसी नगर विधान सभा में 45.48 प्रतिशत, 224 मऊरानीपुर विधानसभा में 49.54 प्रतिशत, 226 ललितपुर विधानसभा में 55.58 प्रतिशत, 227 महरौनी विधानसभा में 59.43 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम 5 बजे मतदान प्रतिशत 61.18 आया, जिसमें 222 बबीना विधान सभा में 60.45 प्रतिशत, 223 झांसी नगर विधानसभा में 53.34 प्रतिशत, 224 मऊरानीपुर विधानसभा में 58.87 प्रतिशत, 226 ललितपुर विधानसभा में 63.79 प्रतिशत, 227 महरौनी विधानसभा में 68.57 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम 6 बजे मतदान के जो फाइनल आंकड़ें आये, उससे यह तय हो गया कि झांसी-ललितपुर संसदीय सीट के कुल मतदाताओं में से 63.57 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर भावी सांसद तय कर दिया है। इस चुनाव में सबसे अधिक मतदान महरौनी विधानसभा में 70.41 प्रतिशत हुआ। इसके बाद दूसरे नम्बर पर ललितपुर विधानसभा रहा। यहां 65.74 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बबीना विधानसभा तीसरे स्थान पर रहा। यहां कुल मतदाताओं में से 63.80 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। मऊरानीपुर चौथे स्थान पर रहा। यहां कुल 61.43 प्रशित मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि झांसी विधानसभा सबसे अंतिम पायदान पर रहा। यहां कुल 55.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

कैंट क्षेत्र में बने बूथ पर हुई गहमागहमी

झांसी। कैण्ट क्षेत्र में बने मतदान केन्द्र पर उस समय गहमा-गहमी शुरू हो गयी, जब यहां इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य के एजेंट ने सुरक्षाकर्मियों पर कांग्रेस के अभिकर्ताओं को बाहर निकाल देने का आरोप लगाया। एजेंट का आरोप था कि उसे जो एजेंट का पास दिया गया था, उसे सुरक्षा कर्मियों ने फाड़ दिया और बूथ से बाहर निकाल दिया, वहीं सुरक्षाकर्मी और पीठासीन अधिकारी का कहना था कि एजेंट बार-बार बाहर जा रहा था, जिसकी वजह से उसे बाहर रोका गया।